


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 254/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 2 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## मंत्रियों, विधायकों को निर्देश, सोशल मीडिया पर फालोवर्स बढ़ाएं, अपने रूटीन प्रोग्राम पोस्ट करें



भोपाल। चुनाव का समय नजदीक आने के साथ मंत्रियों, विधायकों, सांसदों और जिला अध्यक्षों के सोशल मीडिया पर फालोवर्स नहीं बढ़ने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। इन्हें कहा गया है कि वे अपने फालोवर्स बढ़ाने के साथ रूटीन कार्यक्रम सोशल मीडिया पर पोस्ट करें ताकि लोगों को जनप्रतिनिधि के तौर पर मूवमेंट की जानकारी हो। बीजेपी संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने कुछ जिला अध्यक्षों से यह भी कहा है कि अगर आप तीन साल से अध्यक्ष हो जिले की आबादी के हिसाब से आपके कुल वोटर से एक चौथाई भी फालोवर्स नहीं हैं तो आपका अध्यक्ष बनना किस काम का है? इसी तरह की स्थिति विधायकों और सांसदों के मामले में भी है। विधायकों और सांसदों को अगर क्षेत्र की जनता सोशल मीडिया पर नहीं देखती तो सोशल मीडिया के इस दौर में यह संबंधित जनप्रतिनिधि की कमजोरी है। बीजेपी संगठन के वरिष्ठ नेताओं की यह नाराजगी पिछले दिनों हुए बैठक में फिर सामने आई है। इसके बाद अब चुनाव का समय देखते हुए मंत्रियों, विधायकों और सांसदों ने अपनी आईटी टीम को सोशल मीडिया पर फालोवर्स बढ़ाने के लिए कहा है। साथ ही क्षेत्र और प्रदेश में विधायक और मंत्रियों के सार्वजनिक कार्यक्रमों के मूवमेंट जनता तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के लिए भी कहा है। सूत्र बताते हैं कि संगठन की नाराजगी के चलते कई मंत्रियों और सांसद, विधायकों ने अब अपना रोज का रूटीन सोशल मीडिया पर पोस्ट करना शुरू किया है ताकि उनके क्षेत्र के लोगों को पता हो कि मंत्री, विधायक, सांसद किस क्षेत्र में किस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं?

**तीस लाख कार्यकर्ताओं का डिजिटल डेटा:** बीजेपी ने चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं का डिजिटल डेटा संगठन एप में अपलोड कर लिया है। बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमन शुक्ला के अनुसार इस डेटा में हर कार्यकर्ता का नाम, मोबाइल नम्बर, सोशल मीडिया कांटेक्ट नम्बर, जेंडर, वोटर आईडी समेत अन्य जानकारियों अपलोड की गई हैं। इसके साथ ही इन्हें सौंपी गई पूरी जानकारी भी संगठन के पास उपलब्ध हैं। इन्हें संगठन एप में अपने प्रवास और सौंपे गए कामों की पूरी जानकारी भी समय समय पर अपडेट करने के लिए कहा गया है।

**6400 क्लस्टर की बनेगी संचालन समिति:** दो शक्ति केंद्रों को मिलाकर बनाए जाने वाले क्लस्टर की संरचना पर जिला अध्यक्षों ने काम शुरू कर दिया है। एक शक्ति केंद्र दस बूथों को मिलाकर बना है। इसलिए इन दस बूथों से मिलकर बने क्लस्टर की संचालन समिति भी पार्टी द्वारा बनाई जाएगी। प्रदेश में 64100 बूथ हैं और इसलिए प्रदेश भर में 6400 क्लस्टर बनाए जाएंगे जिनके संचालन के लिए बनने वाली समिति चुनाव तक इवेंट बेस्ड कार्यक्रम करेगी जिसमें वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इनके द्वारा खेलकूद, भाषण और अन्य ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा जो लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करे। इसकी शुरुआत चार मई से होगी।

## निलंबित आईपीएस ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, सीबीआई से जांच की मांग

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा के छत्तीसगढ़ काडर के 1994 बैच के निलंबित आईएएस अधिकारी गुरजिंदर पाल सिंह राज्य सरकार की जांच इतने आहत हैं कि इसके खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए और मांग की कि उनके खिलाफ चल रही जांच को सीबीआई अथवा अन्य किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंप दी जाय। सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार न केवल उन्हें परेशान कर रही है बल्कि उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास भी कर रही है। ऐसे में वहां न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। सिंह ने यह भी कहा कि नान घोटाले में इसलिए फंसाया गया क्योंकि उन्होंने कुछ उच्च अधिकारियों के गैर कानूनी निर्देश को नही माना था। सिंह फिलहाल निलंबित है और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन एक्ट के तहत मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर अपने जवाब 20 मई तक दाखिल करने को कहा है।

## कलेक्टर इलैयाराजा ने हातोद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 4 भव्य क्लासरूम का किया उद्घाटन

हातोद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 4 भव्य क्लासरूम का उद्घाटन कलेक्टर इलैयाराजा द्वारा किया गया। राउंड टेबल इंडिया द्वारा गरीब बच्चों के लिए पढ़ो इंडिया अभियान के अंतर्गत यह स्कूल रूम बनाए जाते हैं इस स्कूल रूम को बनाने में पूर्ण रुप से सहयोग शंखेश्वर ग्रुप आफ कंपनी के जयसिंह टीना जैन द्वारा दिया गया।



राउंड टेबल इंडिया के चेयरमैन इंदौर चैप्टर 297 के विकास बिहानी द्वारा इस प्रोजेक्ट को पूरा किया गया एवं कलेक्टर इलैयाराजा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया कलेक्टर द्वारा राउंडटेबल की अपेक्षा की गई एवं इंदौर के जयसिंह टीना जैन समाज सेवी जिनमें पूर्व में भी कई मानव सेवा के के कार्य किये हैं कलेक्टर ने उनकी भी प्रशंसा की राउंडटेबल के द्वारा किए जा रहे कार्य जिससे मानव सेवा समाज सेवा हो सके एवं ऐसे बहुत सारे कार्य समाज सेवा के और स्वास्थ्य लाभ के पूरे शहर में कर रहे हे। कलेक्टर द्वारा उनकी बहुत प्रशंसा की गई और हर संभव शासन से मदद दिलाने का आश्वासन उन्हें दिया गया इस अवसर पर जय सिंह जैन ने बताया कि मैं आगे भी इस तरह के क्लासरूम एवं हॉस्पिटल प्रोजेक्ट में मदद कर समाज सेवा के लिए और समाज को समर्पित करना चाहूँगा इस अवसर पर समाजसेवी साक्षी निपुण अग्रवाल स्टेट प्रेसिडेंट ऑफ़ राउंड टेबल राज मेवाड़ा एवं नेशनल प्रोजेक्ट हेड मनोज भंसाली एवं एरिया हेड अभिमन्यु नागर एवं टेबल297 के सदस्य आदि उपस्थित थे राउंडटेबल द्वारा 4 क्लासरूम को अपने पूर्व मेंबर पलक एवं पलकें अग्रवाल की मेमोरी के रूप में गवर्नमेंट स्कूल हातोद को समर्पित की गई

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद चार भूमाफिया आज कोर्ट में पेश हुए, कालिंदी गोल्ड सिटी के 96 शिकायतकर्ताओं के मामले में सुनवाई हुइ

इंदौर। हाईकोर्ट के आदेश पर चंपू अजमेरा, हैप्पी धवन, निकुल कपासी, महावीर जैन आज कोर्ट में तो पेश हुए, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नीलेश और चिराग शाह पेश नहीं हुए। वहीं, चिराग की ओर से मेडिकल सर्टिफिकेट पेश किया गया। हाईकोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में आदेश जारी कर रहे हैं। अभी हाईकोर्ट से सुनवाई के बाद औपचारिक आदेश जारी होना बाकी है।जानकारी के मुताबिक, हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पहले एक-एक कर सभी भूमाफियाओं को नाम लेकर बुलाया और फिर उनसे पूछताछ की। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने किस आधार पर आपको जमानत दी है और यदि यह सेटलमेंट नहीं करते हैं तो आपके साथ क्या होगा ? इस पर सभी चुपचाप सुनते रहे और फिर अधिवक्ताओं ने कहा कि हमारे अधिकांश सेटलमेंट हो चुके हैं। सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि कालिंदी में मुख्य आरोपी तो चंपू, हैप्पी, चिराग, नीलेश है। इस पर चंपू के अधिवक्ता ने कहा कि कालिंदी में चंपू का लेना-देना नहीं है। हाईकोर्ट ने फिर सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर दोहराया जो सेटलमेंट नहीं करेंगे, उनकी जमानत रद्द होगी। शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि हम पहले ही आवेदन लगा चुके हैं कि जमानत निरस्त हो, यह कुछ नहीं कर रहे हैं। अधिवक्ता अतुल कुमार गुप्ता के मुताबिक, कालिंदी गोल्ड सिटी के संबंध में सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार नीलेश अजमेरा, चिराग अजमेरा उर्फ चंपू, चिराग शाह, महावीर जैन और हैप्पी धवन व अन्य को हाजिर होने के लिए कहा गया था, जिसके चलते आज यहां कोर्ट में पेश हुए थे और उन्होंने बताया कि जो 96 शिकायतकर्ता हैं, उनमें 70 से 75 लोगों का सेटलमेंट कर दिया है। बाकी जिन लोगों का सेटलमेंट नहीं हुआ है, उनका डीडी कोर्ट में पेश कर दिया गया है। हालांकि, सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश रख लिया है। अधिवक्ता अतुल कुमार गुप्ता के मुताबिक, एडीएम को धमकाने वाली और सेटलमेंट के लिए धमकाने वाली बात तथ्य हिना है। अधिवक्ता का कहना है कि भूमाफिया होते तो सेटलमेंट नहीं करते, कुछ लोगों को और कुछ कॉलोनियों में प्लॉट नहीं मिल पाए हैं। इनका सेटलमेंट किया जा रहा है। हालांकि, अधिवक्ता अतुल कुमार गुप्ता के अनुसार कोर्ट के आदेश के बाद सभी लोग कोर्ट में पेश हो गए थे।



## मैच के दौरान कोहली-गंभीर में भिड़ंत, 100 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया

लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर भिड़ गए। इसके लिए उन पर 100 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आईपीएल 2023 के 43वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रनों से हरा दिया। आरसीबी ने लो-स्कोरिंग मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। मैच के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर भिड़ गए थे। इन दोनों को बहस करना भारी पड़ गया। जानकारी के मुताबिक कोहली और गंभीर पर 100 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। नवीन-उल-हक को भी नहीं बख्शा गया। उन भी जुर्माना लगाया गया है।कोहली और गंभीर के बीच मैच के दौरान भयंकर बहस हुई। इससे पहले नवीन-उल-हक, कोहली से उलझ गए थे। नवीन-उल-हक पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है. गंभीर ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.21 के अपराध को स्वीकार किया है। इसके तहत अगर खिलाड़ी लेवल 2 का अपराध करते हैं, तो उन्हें आर्थिक दंड दिया जा सकता है। नवीन ने लेवल 1 का अपराध किया, इस वजह से उन पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा है। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान लखनऊ को तीन ओवरों में 48 रनों की जरूरत थी। मैच के 17वें ओवर के दौरान नवीन और अमित मिश्रा क्रीज पर थी। इस दौरान नवीन कोहली से भिड़ गए। नवीन, कोहली के पास गए और कुछ कहने के बाद वहां से निकल गए। इस दौरान अमित मिश्रा बीच में आए। कोहली ने इसको लेकर अंपायर से बात की। इसके बाद गौतम गंभीर से भी कोहली का टकराव हुआ. दोनों के बीच बहस हुई. कोहली और गंभीर के बीच हुई बहस के दौरान केएल राहुल बचाव करने पहुंचे थे। हालांकि, इसके बाद दोनों को शांत करवा दिया गया।

मुख्यमंत्री निवास में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की धूम, पुष्पवर्षा कर बेटियों का स्वागत

# हमने लाड़लियों को सपने पूरे करने का हौसला दिया: चौहान





**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आज मंगलवार को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित किया गया। यहां पुष्पवर्षा कर बेटियों का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- हमारे प्रदेश में बेटियां लाड़ली हैं, लक्ष्मी हैं, इनके जीवन का हर दिन उत्सव हो, खुशियों से भरा हो, सफलता के पथ पर आगे बढ़ती रहें, यही शुभेच्छा है। मध्यप्रदेश में बेटी किसी पर बोझ नहीं हैं, लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों को लखपति बनाकर उन्हें अपने सपने पूरे करने का हौसला दिया है।

इस कार्यक्रम में भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़ और रायसेन जिले की लाड़ली लक्ष्मी बेटियां शामिल हुईं, जिनसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाद किया। उन्होंने कहा - आइये, बेटियों की खुशी में शामिल होते हैं, लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाते हैं। बेटियों से उन्होंने पूछा- वे क्या बनना चाहती हैं, तो उन्हें कई तरह के जवाब मिले। किसी ने कहा, डाक्टर बनना है, तो कोई इंजीनियर बनना चाहती है। किसी ने सीए बनने की इच्छा जताई तो कोई हवाईजहाज उड़ाने की इच्छा रखती है। मुख्यमंत्री ने कहा- तुम्हारा मामा तुम्हारी हर इच्छा पूरी करेगा। जो करना है, बेहतर भविष्य बनाना है, हम हर तरह की सहायता करेंगे। तुम साहस जुटाओ, मेहनत करो, बाकी हम पर छोड़ दो।

गौरतलब है कि राज्य सरकार की तरफ से प्रतिवर्ष 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाता है। ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक आज को यह उत्सव मनाया जा रहा है। सीएम ने फूलों की वर्षा कर बेटियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में सीएम शिवराज के अलावा चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक कृष्णा गौर समेत अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाली लाड़ली बेटियों और लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को सम्मानित किया गया।

कर्नाटक चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## पीएफआई, बजरंग दल जैसे संगठन बैन करने का ऐलान



बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने 10 मई को होने वाले चुनाव से ठीक पहले जारी घोषणा पत्र में जनता के सामने पार्टी के संकल्पों को रखा। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि नफरती संगठनों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता सिद्धारमैया, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की तुलना संघ से जुड़े विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल से करते हुए कहा कि वह ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाएगी, जो दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देते हैं। कहा कि अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो नफरत फैलाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। कहा गया कि कांग्रेस पार्टी जाति या धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री की चित्रदुर्ग में सभा

## ये चुनाव तय करेगा कर्नाटक किस ऊंचाई पर होगा: मोदी



बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम राउंड में है। पीएम नरेंद्र मोदी आज तीन रैलियां करने वाले हैं। पहली रैली वह चित्रदुर्ग में कर रहे हैं। यहां उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा कि, ये कर्नाटक को नंबर वन बनाने का चुनाव है। ये चुनाव तय करेगा कर्नाटक किस ऊंचाई पर होगा।

पीएम मोदी का एक हफ्ते में दूसरा कर्नाटक दौरा है। इससे पहले उन्होंने 28-29 अप्रैल को राज्य में कई रैलियां की थीं। आज वह तीन रैलियां और एक रोड शो करेंगे। पहली रैली चित्रदुर्ग, फिर विजयनगरा और सिंधानपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को वह कलबुर्गी में एक रोड शो निकालेंगे। वहीं, 3 मई को उनकी मूदाबिद्री, करवार और किट्टूर में रैलियां हैं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस के इतिहास को आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण से जोड़ते हुए कहा, जब दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर हुआ तो कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता के आंखों में आतंकियों के मर जाने की खबर सुनकर आंसू आ गए थे। पीएम ने कर्नाटक में शिक्षा को फोकस में रखने की बात कही। उन्होंने कहा - भाजपा ने किसानों के बच्चों की पढ़ाई के लिए %रायता विद्या निधि% की शुरूआत की है। आदिवासी साथियों के लिए 400 से अधिक एकलव्य मॉडल स्कूल बनाए। कांग्रेस सरकार ने तो बच्चों की यूनिफॉर्म में भी घोटाला कर दिया था।

## सीहोर के जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता



भोपाल। सीहोर के जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान ने आज प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के हाथों अपने 2000 समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वे प्रजातांत्रिक समाधान पार्टी के अध्यक्ष थे। कमल सिंह आष्टा विधानसभा से 3 बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। चौहान ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया और कहा कि भाजपा सरकार के कारण देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। उन्होंने कमलनाथ के नेतृत्व में विश्वास जताया। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव 10600 से अधिक वोटों के अंतर से जीता था।

## मप्र के 16 अधिकारियों को होगा आईपीएस अवार्ड, आज दिल्ली में डीपीसी




भोपाल। मध्यप्रदेश के सोलह अफसरों को राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नत करने के लिए आज दिल्ली में डीपीसी हो रही है। संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य और एमएचए के अफसरों सहित मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा और डीजीपी सुधीर सक्सेना इस बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में मध्यप्रदेश के तीन एसपीएस अफसरों का लिफाफा बंद हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में दोपहर तीन बजे मध्यप्रदेश के राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नत करने डीपीसी होगी। वर्ष 2021 के लिए केल दस पदों पर अफसरों को पदोन्नत कर आईपीएस अवार्ड किया जाएगा। इसके लिए तीस अफसरों के नामों पर पहले विचार किया जाएगा। इसके बाद 2022 के लिए राज्य पुलिस सेवा के छह अफसरों को आईपीएस अवार्ड करने डीपीसी होगी। इसके लिए पहले जिन तीस अफसरों के नामों पर डीपीसी में विचार होगा। उनमें से पदोन्नति के बाद बाकी रह गए अफसरों में से छह पदों के लिए कुल अठारह अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा। दो साल की डीपीसी एक साथ की जा रही है।

तीन अफसरों के लिफाफे होंगे बंद

डीपीसी के दौरान मध्यप्रदेश के राज्य पुलिस सेवा के तीन अफसरों के लिफाफे बंद रहने की संभावना है। इनमें 1996 बैच के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, 1997 बैच के डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार मिश्रा और 1995 बैच के प्रकाश चंद्र परिहार का लिफाफा बंद रहेगा। वर्ष 1995 बैच के देवेन्द्र कुमार सिरोलिया चूंकि पदोन्नति के लिए तय विचारण क्षेत्र में उम्र के दायरे से बाहर हो चुके है इसलिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

सीएम की विधायकों वन टू वन चर्चा

## जो भी फैसला होगा, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे



भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को अब छह महीने का वक्त बचा है। भाजपा और कांग्रेस में टिकट को लेकर हलचल तेज हो गई है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज मंगलवार को 22 विधायकों से वन टू वन चर्चा की। सीएम ने विधायकों को पूरे कार्यकाल की परफॉर्मेंस रिपोर्ट और सर्वे में सामने आई स्थिति को बता दिया। विधायकों को साफ लहजे में कहा कि पब्लिक और कार्यकर्ताओं से फीडबैक में जो स्थिति सामने आई है, इस पर आगे जो भी फैसला लिया जाए, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे।

सीएम शिवराज ने विधायकों को पांच-पांच मिनट में उनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट दी। हालांकि कुछ विधायकों से लंबी चर्चा भी की। बैठक के बाद विधायकों ने अनौपचारिक रूप से ये बात स्वीकारी कि उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उन्हें अपने क्षेत्र में स्थिति ठीक करने को कहा गया है। सीएम ने हर विधायक से क्षेत्र में विकास कार्यों में दी गई राशि और बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। विधानसभा क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा। विधायकों से पूछा कि आपके क्षेत्र में कौन सा अधिकारी - कर्मचारी ठीक काम नहीं कर रहा है।

सीएम ने कहा कि जनता से संपर्क बढ़ाएं

बैठक के बाद हटा विधायक पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय ने बताया कि बैठक में हमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि किस तरह से जनता के बीच में आगे और काम करना है। दोबारा सीट जिताकर भाजपा की सरकार बनाना है। सर्वे को लेकर हुई चर्चा पर विधायक तंतुवाय ने कहा- जमीनी स्थिति ठीक है, उसमें (सर्वे) जो कुछ भी कमियां हैं, क्षेत्र में मेहनत कर, जनता से संपर्क कर पूरा करना है। सरकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताना है।शमशाबाद विधायक राजश्री सिंह ने कहा कि चुनावी साल में कई तरह के सर्वे होते हैं। सर्वे में विधायकों की सारी रिपोर्ट्स तैयार होती हैं। उसी संबंध में सीएम साहब ने हमें बुलाया था। जो भी विधायकों की कमियां हैं और विधायक जो अच्छा कर रहे हैं, वो सारी स्थितियां हमारे सामने रखी हैं ताकि कमियों में सुधार हो सकें। सब विधायकों से वन टू वन मीटिंग हुई है। विधायकों को मुख्यमंत्री जी भरपूर समय दे रहे हैं। किसी से पांच मिनट में बात पूरी हो जाती है, किसी को दस मिनट, तो किसी से आधे घंटे तक चर्चा हो रही है। अगर किसी की समस्या बड़ी है तो उसे ज्यादा समय दे रहे हैं। वो हमारे बॉस हैं तो हमारी जो कमियां हैं वो भी बता रहे हैं।

# योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का अध्ययन कराया जाए :मुख्यमंत्री

## नीति आयोग ने सराहा प्रदेश के आकांक्षी जिलों में हुए कार्यों को



**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता के अध्ययन के लिए एक केंद्र विकसित किया जाए। प्रभावशीलता के व्यवहारिक आकलन के लिए विश्वविद्यालयों और विकास संस्थान के विशेषज्ञों को जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के आलोक में मध्यप्रदेश में कारीगरों के उन्नयन और कौशल विकास के लिए रोड मेप तैयार हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान म.प्र. राज्य नीति आयोग की चौथी बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री अजीत केसरी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश की प्रगति पर केंद्रित पुस्तिका का प्रकाशन किया जाए

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग मत्स्य-पालन पर निर्भर हैं। अतः मध्यप्रदेश मत्स्य नीति और मत्स्य गतिविधियों पर पीपीपी मोड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने संबंधी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। प्रदेश में जन सेवा मित्र बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनकी गतिविधियों का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अन्य राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेस को मध्यप्रदेश की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार चिन्हित कर उन्हें लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में जो योजनाएँ और कार्यक्रम लोगों की जिंदगी बदलने में प्रभावी रहे हैं, उनका अध्ययन कर प्रदेश में उनके क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विचार किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश की प्रगति पर केंद्रित पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जाए, इससे पिछले दशकों में प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र और अधो-संरचना में आए बदलाव की तथ्यात्मक जानकारी प्रदेशवासियों को मिल सकेगी।

### रोजगार के लिये अंतर्राष्ट्रीय कनेक्ट में गतिविधियाँ जारी

जानकारी दी गई कि प्रदेश के आकांक्षी जिलों में हुए बेहतर कार्य को देखते हुए नीति आयोग द्वारा लगभग 71 करोड़ से अधिक की राशि राज्य सरकार को प्रदान की गई है। इसमें छतरपुर को सर्वाधिक 14 करोड़ 70 लाख रूपए प्राप्त हुए हैं। नीति आयोग द्वारा प्रदेश के आकांक्षी विकासखण्ड मॉडल का भी अध्ययन कराया गया है। प्रदेश में डाटा क्षेत्र में सुधार के लिए गतिविधियाँ जारी हैं। जर्मनी और आयरलेंड में नर्सिंग क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए रोजगार के लिये अंतर्राष्ट्रीय कनेक्ट के अंतर्गत राज्य नीति आयोग, संबंधित देशों के दूतावासों के सम्पर्क में है। बैठक में राज्य नीति आयोग से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा हुई और अनुमोदन दिया गया।

# लोकनिर्माण मंत्री श्री भार्गव ने श्री पटेल के घर पहुंच कर परिवार को ढाढस बधाया



**भोपाल (नप्र)।** लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने रविवार की शाम केंद्रीय राज्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता श्री प्रहलाद पटेल के भतीजे और विधायक श्री जालम सिंह पटेल के सुपुत्र श्री मोनू पटेल की असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है /मंत्री श्री भार्गव ने विधायक श्री पटेल के नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव स्थित निवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

# मुख्यमंत्री अपनी प्राथमिक कक्षा की शिक्षिकाओं को देख कर हुए भाव-विभोर



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजभवन में हुए अखंडता का उत्सव समारोह में अपनी प्राथमिक शाला की शिक्षिकाओं को देख कर भाव-विभोर हो उठे। गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर राजभवन के संदीपनि सभागार में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजराती और मराठी समाज के भोपाल में निवासरत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभागार में जैसे ही श्रीमती कोकिला शेठ और श्रीमती रोहिणी फड़नीस को देखा वे तत्काल आशीर्वाद प्राप्त करने उनके पास पहुँचे, चरण स्पर्श कर उनका अभिवादन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमती कोकिला शेठ और श्रीमती फड़नीस ने बताया कि पुराना भोपाल क्षेत्र की मारवाड़ी रोड पर संचालित तत्कालीन श्री गुजराती समाज प्राथमिक शाला में वे श्री चौहान की शिक्षिका थी।

# मंत्री पटेल इज़राइल के 75वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल



**भोपाल।** किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने इज़राइल को स्वतंत्रता की प्लेटिनम जुबली की बधाई और शुभकामनाएँ दी। मंत्री श्री पटेल दिल्ली स्थित दूतावास में 30 अप्रैल को इज़राइल के 75वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल का इज़राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने अपने साथियों के साथ आत्मीय अभिनंदन किया। इज़राइल की स्वतंत्रता की प्लेटिनम जुबली (75 वर्ष) पर दूतावास में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, प्रसिद्ध क्रिकेटर श्री कपिल देव, विभिन्न राष्ट्र के मेहमान और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# विद्युत की निर्बाध आपूर्ति होगी : डॉ. मिश्रा

## 6 करोड़ के 2 विद्युत उप-केन्द्र का शिलान्यास

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि सरकार सभी के लिये विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मंत्री डॉ. मिश्रा कृषि उपज मण्डी दतिया में 6 करोड़ 20 लाख रूपये की राशि के 2 विद्युत उप-केन्द्र के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि दतिया में आरडीएसएस योजना में 5 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत के नवीन 33/11 के.व्ही. उप-केन्द्र एवं एसएसटीडी योजना में 80 लाख रूपये की लागत के मण्डी में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर विद्युत उप-केन्द्र का शिलान्यास किया गया है। अब क्षेत्रवासियों को वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि दतिया में विद्युत की आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिये अब तक 197 करोड़ की लागत के कार्य किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अटल ज्योति योजना में 24 घंटे बिजली पहुँचाने जैसे कार्यों के साथ विद्युत उप-केन्द्रों की स्थापना, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलना, नवीन ट्रांसफार्मरों को लगाना एवं खम्बों से नंगे तारों के स्थान पर केबल डालने का कार्य शामिल है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण उपभोक्ताओं और किसानों को लाभान्वित करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को बिजली में सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ किये गये हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जन-कल्याण के लिये सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है।

# दो दिवसीय लघु गुरुकुल का आयोजन संपन्न



**भोपाल।** राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा, मध्यप्रदेश के तत्वाधान में दो दिवसीय लघु गुरुकुल का आयोजन 29-30 अप्रैल को आर्य समाज(मित्र सभा) जुमेराती, भोपाल में दिल्ली से आये आचार्य वेद प्रकाश जी (राडार इंजीनियर) के सानिध्य में हुआ।

इस सत्र में आचार्य जी ने युवाओं और युवतियों को ईश्वर के सत्य स्वरूप के विषय में समझाया! यहां पर आज के समय में वेदों की प्रासंगिकता के साथ-साथ धर्म के विषयों और सिद्धांतों का व्याख्यान हुआ! युवाओं को ईश्वर के सच्चे स्वरूप का ज्ञान और सर्व शक्तिमान ईश्वर की उपासना की ठीक-ठीक विधि अर्थात पतंजलि के अष्टांग योग को बताया गया!

सुबह से ही युवाओं ने अष्टांग योग द्वारा ईश्वर की उपासना करने सीखा। आगे आचार्य जी ने युवाओं को व्यसन आदि छोड़ने का संकल्प दिलाया गया, जीवन में मांस मछली अंडा के साथ-साथ शराब और तंबाकू के सभी उत्पादों को त्यागने का संकल्प दिलाया गया! इस सत्र के अंत में युवाओं के अंदर राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने के लिए प्रेरित किया गया! सत्र के विशेष सहयोगी आर्य समाज के प्रधान श्री धर्मेंद्र कौशल जी का आयोजकों ने धन्यवाद किया। राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा, मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष आर्य वेद प्रकाश ने आचार्य जी को आभार प्रेषित किया।

# अनेक क्रिया-कलापों के साथ संस्कार विद्यालय में समर कैम्प का शुभारम्भ



**संत हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास हेतु ग्रीष्मावकाश में नाना प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हैं। जिनमें नृत्य, खेलकूद, संगीत, कम्पूटर एवं आर्ट एण्ड क्राफ्ट की षिक्षा दी जायेगी। जिसका शुभारम्भ आज दिनांक 02.05.2023 को मुख्य अतिथि श्री डॉ जी.टी. खेमचन्दानी, संस्था के अध्यक्ष श्री सुषील वासवानी, सचिव श्री बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष श्री चन्दर नागदेव, रिटा. कर्नल श्री नारायण पारवानी, श्री विष्णु बंसल संस्था के सदस्य श्री गुलाब सेजवानी द्वारा माँ सरस्वती एवं संत षिरोमणी हिरदाराम साहिब जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री बसंत चेलानी ने अभिभावकों एवं बच्चों का स्वागत किया और कहा कि प्रतिवर्ष हम समय का सद्पुयोग करते हुए समर कैम्प का आयोजन करते है। इस वर्ष भी 25 दिन का समर कैम्प रहेगा जिसमें मै षिक्षकों से अपेक्षा करता हू कि वह बच्चों को अधिक से अधिक सिखाएंगे जिससे बच्चों का हर क्षेत्र में सर्वागीण विकास होगा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री डॉ जी.टी. खेमचन्दानी कहा कि बच्चों के विकास के लिए संस्कार विद्यालय जो प्रयास करता है वह सराहनीय है। इसी कड़ी में जो आज समर कैम्प का आयोजन किया गया है उसका भी सभी बच्चें भरपूर लाभ उठाएं। संस्था के अध्यक्ष श्री सुषील वासवानी ने कहा कि समर कैम्प में जो भी आप सीखेगें वह आपके जीवन में हमेषा रहने वाला है। इसलिए इसमें विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक को भी ध्यान देना होगा एवं अपने बच्चों को समय पर विद्यालय में भेजना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित रिटा. कर्नल श्री नारायण पारवानी ने कहा समर कैम्प में बच्चों को रूचीयों के अनुसार सीखने का अवसर मिलता है। इसलिए सभी बच्चें अपनी रूची के हिसाब से सीखे। संस्कार विद्यालय ही एक ऐसा विद्यालय है जहां न्यूनतम फीस में उच्चतम षिक्षा दी जाती है। श्री विष्णु बंसल ने कहा कि हमे सबसे पहले समय का सदुपयोग करना चाहिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी समर कैम्प का अयोजन किया गया है इस समर कैम्प का सभी बच्चें लाभ ले और अपने जीवन को आगे बढ़ाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्या श्रीमती मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या सुश्री मृदुला गौतम, समस्त षिक्षक समुदाय, विद्यार्थीगण एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष श्री चन्दर नागदेव सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि में उन सभी अभिभावकों का धन्यवाद करता हु जिन्होंने समय का सदुपयोग करने के लिए अपने बच्चों को समर कैम्प में भेजा।

# स्कूली विद्यार्थियों के लिये मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को भोपाल में राज्य मुक्त विद्यालयीन शिक्षा बोर्ड द्वारा स्थापित प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में राज्य स्तरीय आकलन केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कक्षा 5वीं से 12वीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार की घोषणा की।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों समाज में रहते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों के मन में कई तरह के नवाचार, समावेशी प्रश्न और उनके समाधान उठते हैं। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार को समझना होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा देने के उद्देश्य से बच्चों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बच्चों में उनकी वैज्ञानिक सोच, कल्पना शक्ति एवं रचनात्मकता को व्यवहारिक रूप देने के लिए प्रदेश में पहली बार यह पुरस्कार योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना बच्चों के नवाचार को अवसर और मंच प्रदान करेगी।

राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों के समग्र मूल्यांकन की दृष्टि से प्रश्न-पत्र निर्धारण पद्धति को बेहतर बनाने के लिए राज्य स्तरीय आकलन केंद्र बनाया गया हैं। इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को प्रश्न-पत्र बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिससे शिक्षक बच्चों के लिए ऐसे प्रश्न-पत्र तैयार करें, जिनसे बच्चों में शिक्षा को लेकर जिज्ञासा एवं उत्साह का भाव जागृत हो एवं उनका वास्तविक मूल्यांकन हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी और अहम भूमिका शिक्षक की है। समाज का सबसे ज्यादा विश्वास शिक्षक पर होता है और यह विश्वसनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी शिक्षक की है।

# विचारों के प्रति हमारी सतर्कता ही हमारे व्यवहार को परिलक्षित करती है: सिद्ध भाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी की अनुकंपा एवं संस्थान के प्रेरणापुरूष श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन तथा पावन सानिध्य में दिनांक 01.05.2023 को नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागार में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु 'आशीर्वाद समारोह' का आयोजन किया गया।

इस आशीर्वाद समारोह का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करना तथा जीवन मूल्यों के प्रति आस्था, आशावादी दृष्टिकोण, दायित्वबोध का ज्ञान, विनम्रता एवं कृतज्ञता के भाव को व्यावहारिक रूप से आत्मसात करने की अभिप्रेरणा देना रहा।

इस अवसर पर श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी ने छात्रों को उनके आगामी भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए कहा कि विद्यालय जीवन में रखी गई - लगन, सकारात्मक विचार शक्ति, संस्कारों के प्रति आस्था रखना आपके आने वाले जीवन को सम्माननीय बनाएगा। विचारों के प्रति सतर्क रहना चाहिए क्योंकि यही हमारे व्यवहार में परिलक्षित होते हैं। यदि आपको निखरना है तो मोबाईल, सोशल मीडिया के अधिकतम प्रयोग से बचें। पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, अहंकार की भावना को दरकिनार रखते हुए सभी के साथ विनम्रता का व्यवहार रखें। अपने माता-पिता एवं गुरूओं की आज्ञा में रहें, उनके लिए सदा कृतज्ञ रहते हुए उनकी अपेक्षाओं पर खरे उतरने का सच्चा प्रयास करें। साथ ही उन्होंने छात्रों को महाविद्यालयीन जीवन को विशिष्ट बनाने के व्यावहारिक तथ्यों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहकर समाज की निधि बनें। इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सादगी जीवन का आभूषण है जिसके द्वारा हम किसी के भी अंतस में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, अटल बिहारी बाजपेयी, स्वामी विवेकानंद आदि प्रेरक व्यक्तित्व के माध्यम से प्रतिभा को जीवन की सम्पन्नता बताया और यह प्रतिभा लगन, परिश्रम, दृढ़संकल्प आदि के द्वारा हासिल की जा सकती है। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए समय-समय पर विद्यालय द्वारा ''परीक्षा पूर्व तैयारी'' आदि के टिप्स दिये जाते रहे हैं उन्हें अपने भावी जीवन की अन्य परीक्षाओं में भी अमल करने की विद्यार्थियों से अपील की। विद्यालय और परिवार से प्राप्त आदर्श मूल्यों एवं परमसत्ता के प्रति आस्था के भाव को सदैव अपने भीतर बनाए रखें जिससे बड़ी से बड़ी विपत्तियाँ भी आपके मार्ग की रूकावट नहीं बन सकती।

इसी क्रम में संस्था सचिव ए.सी.साधवानी ने समस्त छात्रों को आशीर्वाद समारोह की बधाइयाँ देते हुए कहा कि संत शिरोमणि परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी एवं श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी के आदर्शों को अपने जीवन में अवश्य उतारें जिससे आपकी उपलब्धि रूपी सुगंध समाज को महका सके। विद्यार्थी जीवन में जिन छोटी-छोटी आदतों को आपने अपने व्यक्तित्व में उतारा है, वही आपके व्यक्तित्व की आभा बनकर समाज में आपको प्रतिष्ठा दिलाएगी।



संस्था के अकादमिक डायरेक्टर श्री गोपाल गिरधानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी के जीवन में स्कूल का स्थान सदैव जीवंत रहता है। स्कूल की यात्रा से ही वह अनुशासन, शिष्टता, विनम्रता एवं कृतज्ञता का भाव सीख कर राष्ट्र को अपने व्यक्तित्व की अमूल्य निधि सौंपकर राष्ट्र-हित में अपना अमूल्य योगदान दे सकता है।

विद्यालय प्राचार्य श्री अजय बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी छात्रों को इस पावन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के प्राप्त ज्ञान और संस्कार आपके जीवन की अमूल्य धरोहर हैं जो छात्रों के जीवन को सदा उज्ज्वल करती हैं। साथ चलने की भावना को अपने भीतर संजोए रखें, वे आपको जीवन में कभी अकेलेपन का अनुभव नहीं होने देंगी।

इसी तारतम्य में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी विद्यालय हेडबॉय लक्की मुलानी, अक्षांश शर्मा, एहसास श्रीवास्तव ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभवों को बाँटते हुए श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी, श्री ए.सी.साधवानी जी, श्री गोपाल गिरधानी, श्री भगवान बाबाणी, श्री अजय बहादुर सिंह, श्रीमती आशा चंगलानी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में कक्षा 11वीं के विद्यार्थी आदित्य जैन, कार्तिक माखीजानी, ईशान नेमा द्वारा अपने सीनियर्स को आत्मीय शुभकामनाएँ संप्रेषित की गई।

विद्यालय द्वारा मिस्टर एम.जी.पी.एस. लक्की मुलानी, मिस्टर इंटेलिजेंट मयंक मेहरचंदानी, मिस्टर स्टूडियस आदित्य शर्मा, मिस्टर सिंसियर चिराग मनवानी, मि. डीसेंट सौम्य खूबचंदानी, मि.स्पोर्टस मैन अमन चांदवानी, मि.रिस्पॉसिंबल प्रियांष चौरासिया, मि.साइंटिस्ट अक्षांश शर्मा, मि. कॉमर्स धैर्य बिजलानी मि.इन्टरटेनर पार्थ अग्रवाल, मि.अर्टिस्ट लक्ष्य बलवानी, मि. पोलाइट सुमित वाधवानी, मि.अर्लिबर्ड अनमोल केसवानी, ललित आसनानी, मि.रेगुलर आर्यन पाठक को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया तथा समस्त छात्रों को आशीर्वाद स्वरूप विद्यालय ट्रॉफी भेंट की गई।

# आम सभा में संत नगर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

**संत नगर।** 1 मई मजदूर दिवस पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के आम सभा में ब्लॉक कांग्रेस संत नगर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए मनी कमलनाथ मजदूर व्यापारी किसानों को लेकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी मुसीबतों में खड़े हैं उसी को लेकर एक बड़ी आमसभा पिपलानी पेट्रोल पंप के पास आयोजन किया गया था जिसमें संत नगर के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस सभा में ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण पूर्व विधायक जितेंद्र डागा, मधु चंदवानी, घनश्याम लालवानी, ओमप्रकाश नामदेव बद्री सिंगरौली सोनू जैन सोनू मीना पूनम यादव गगन भार्गव शिवम भार्गव साहिल खान महेश गुरबाणी आदि शामिल हुए।

# प्रदेश के 10 हजार डॉक्टरों की सांकेतिक हड़ताल

## 11 बजते ही कुर्सियों से उठे, मेडिकल कॉलेज-जिला अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी में बंद किया इलाज



भोपाल। मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल्स में कार्यरत डॉक्टर्स को समयबद्ध क्रमोन्नति देने, मेडिकल डिपार्टमेंट्स के तकनीकी मामलों में प्रशासनिक दखल को खत्म करने की मांग को लेकर मंगलवार को सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स ने सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी। वे सुबह 11 बजते ही कुर्सियों से उठ गए। दोपहर 2 बजे तक हड़ताल चलेगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज और उससे जुड़े अस्पतालों, जिला अस्पताल सहित अन्य सभी सरकारी हॉस्पिटल्स के डॉक्टर्स इलाज नहीं करेंगे। डॉक्टरों ने ओपीडी और आईपीडी बंद कर दी।

सांकेतिक हड़ताल के चलते अस्पतालों के वार्डों में भर्ती मरीजों को ट्रीटमेंट के लिए थोड़ा परेशान होना पड़ रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के डॉक्टर्स ने मप्र शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ की अगुआई में 1 मई को आंदोलन की शुरुआत की है। आंदोलन के पहले दिन डॉक्टर्स ने सरकारी नीतियों के विरोध में काली पट्टी बांधकर काम किया था। मंगलवार को सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स की दो घंटे की काम बंद हड़ताल का सबसे ज्यादा असर भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा के मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में देखने को मिला।

**हमीदिया-जेपी अस्पताल के डॉक्टर्स ने ओपीडी में बंद किया इलाजन्न** गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के जेपी अस्पताल के डॉक्टर्स ने मंगलवार सुबह 11 बजे ओपीडी और आईपीडी में मरीजों का इलाज बंद कर दिया। डॉक्टर्स, ओपीडी और वार्ड में भर्ती मरीजों का इलाज बंद करके बिल्डिंग के बाहर जुटे। मप्र मप्र शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने बताया कि प्रदेश सरकार के साथ लंबे समय से मांगों के संबद्ध में बातचीत का दौर जारी था। लेकिन, सरकार डॉक्टर्स की मांगों का निराकरण करने को लेकर गंभीर नहीं है।

**मांगों का निराकरण करें: कमलनाथ**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में अपना अमूल्य योगदान देने वाले एवं कोरोनाकाल में अपने प्राणों की चिंता किए बिना प्रदेश की जनता का उपचार और टीकाकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे शासकीय चिकित्सक और संविदा स्वास्थ्य कर्मी अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। मैं राज्य शासन से अनुरोध करता हूं कि अविलंब हड़ताल कर रहे शासकीय चिकित्सकों और संविदा स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी मांगो के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

# कमलनाथ-दिग्विजय की जोड़ी भाजपा को दे रही है कड़ी चुनौती, इस बार कांग्रेस चुनाव प्रचार में लगाएगी चार हाईटेक रथ



इंदौर। विधानसभा चुनाव में अब कुछ महीने शेष रह गए है। सियासी दलों ने अंदरखाने तैयारी शुरू कर दी है। सत्ताधारी भाजपा की तुलना में कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां है। कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ नए ढ्ढ नए रास्ता खोज रहे है। वही दूसरी तरफ दिग्विजय सिंह उन विधानसभा क्षेत्रो में काम कर रहे है जहाँ कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के पार्टी छोडने के बाद से कमलनाथ और दिग्विजयसिंह लगातार संघर्ष कर भाजपा को चुनौती दे रहे है। पार्टी का माहौल बनाने के लिए कांग्रेस अपने 16 वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतार रही है, जो अलग अलग जिलों में जाकर चुनावी बैठक, सम्मेलन आदि कार्यक्रम करेंगे। जहां तक शहर के नगर अध्यक्ष का सवाल है तो इसी सप्ताह इंदौर के नए नगर अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो जाएंगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इंदौर शहर की पांचों विधानसभा सीटों के लिए सर्वे शुरु कर दिया है।

### पिछले चुनाव में हाईटेक बस से हुआ था प्रचार अब रथ से होगा

इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने चार हाईटेक रथ तैयार करवाए है। इस संबंध में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने बताया की प्रचार प्रसार के लिए 4 हाईटेक रथ बैंगलूर से बुलवाए जा रहे है। इन रथों पर वीडियो स्क्रीन लगाकर कांग्रेस अपने 15 माह के कार्यकाल की उपलब्धियां दिखाएंगी और भाजपा के झूठे दावों को एक्सपोज करेंगी। रथ पर सवार होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगह जगह सभा को संबोधित करेंगे। हालांकि चुनाव में कांग्रेस हाईटेक प्रचार के लिए वाहनो का इस्तेमाल पहली बार नहीं कर रही है। 2018 के इलेक्शन में भी राहुल गांधी ने इस हाईटेक बस पर सवार होकर जगह जगह प्रचार किया था। सुरक्षा साधनों से लैस इस बस में राहुल गांधी के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया भी नजर आए थे। इस बार प्रचार में राहुल और प्रियंका दिख सकते है।

### 16 वरिष्ठ नेताओं को कांग्रेस ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारियां

भाजपा ने 14 वरिष्ठ नेता विगत एक माह प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर स्थानीय नेताओं की बैठके ले रहे है। ये सभी वरिष्ठ नेता अभी भी पार्टी के इस विशेष मिशन पर लगे हुए है। अब कांग्रेस ने भी इसी तर्ज पर 16 वरिष्ठ नेताओं के नाम तय किए है जो अलग अलग जिलों में जाकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा के मुताबिक जिन 16वरिष्ठ नेताओं जिम्मेदारी सौंपी गई है उनके नाम है फूल सिंह बरैया, अजय सिंह राहुलॉ, अरुण यादव, जीतू पटवारी, सुरेश पचौरी, गोविंद सिंह, तरुण भनोत , सज्जन सिंह वर्मा , बाला बच्चन , कांतिलाल भूरिया, मीनाक्षी नटराजन, कमलेश्वर पटेल , जयवर्धन सिंह , रामनिवास रावत तथा केपी सिंह शामिल है।


शहर कांग्रेस के नए अध्यक्ष की घोषणा दिल्ली से होगी

इंदौर में विगत तीन माह से शहर कांग्रेस की कमान संभालने वाला शहर अध्यक्ष नहीं मिला है। इंदौर के साथ साथ खंडवा की भी यहीं स्थिति है। दोनों शहरों में कांग्रेस संगठन शहर अध्यक्ष का चयन क्यों नहीं कर पा रहा है इसका जवाब किसी भी कांग्रेसी के पास नहीं है। के के मिश्रा ने बताया की इंदौर अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से नाम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेज दिया गया है। घोषणा वहां से होगी। कब होगी इसका खुलासा नहीं किया। चुनाव में शहर कांग्रेस अध्यक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मंडल से लेकर बूथ स्तर तक तैयारियां करना तथा कार्यकताओं को लेकर मतदाताओं से मिलना आदि रहती है । जैसे कार्य प्रमुख होते है। ज्ञात हो की 23 जनवरी से इंदौर की कुर्सी खाली पड़ी है। संभवत इसी सप्ताह नए अध्यक्ष का ऐलान हो जाएंगा।

### तीन विधानसभा एक, दो और राउ में सिंगल नाम

स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रारंम्भिक तौर पर इंदौर शहर की पांच विधानसभा सीटों के लिए जो संभावित नाम आए है उस पर विचार और सर्वे किया जा रहा है। इंदौर की इन पांच सीटों में से तीन सीटों (इंदौर - 1 , इंदौर -2, तथा राऊ ) पर सिंगल नाम है।

# श्री सीताराम नाम जप महायज्ञ में किया गया शिवजी का रूद्राभिषेक



सागर। सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजघाट स्थित माँ शारदा देवी मंदिर प्रागण में चल रहे विश्व कल्याण हेतु श्री सीताराम नाम जप 1008 कुण्डीय महायज्ञ में हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं यज्ञशाला का दृश्य देखकर लग रहा है जैसे महाकुंभ राजघाट पर भरा हो धूप और बारिश में भी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है जहां व्यवस्थाओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत तथा यज्ञ समिति के सभी सदस्य मुस्तैदी से लगे हुये हैं। सोमवार को प्रात: 05 बजे दही से रूद्र अभिषेक किया गया।

आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने बताया कि दही से शिवजी का अभिषेक करने से धन, वैभव, पशु धन, वाहन, नौकर चाकर की कमी नहीं होती है पाप नष्ट हो जाते हैं। सुख, समृद्धि, घर परिवार कुटुम्ब में आती है। तत्पश्चात रामायण श्लोकों द्वारा यज्ञ शाला में आचार्य धीरेन्द्र मनीषी द्वारा वनवास गये प्रभु श्री राम का वृतान्त बताया गया कि सीताजी की खोज में चारों दिशाओं में सुग्रीव ने वानर सेना भेजी साथ ही हनुमान जी को सीता जी की खोज के लिये भेज गया जहां सुग्रीव ने हनुमान जी की शक्तियों का उन्हें बोध कराया समुद्र पार करके हनुमान जी लंका पहुंचे जहां उनकी मुलाकात विभीषण से हुई राक्षसों के बीच रामनाम का जाप करने वाले विभीषण ने उन्हें सीताजी का पता बताया जहां रावण ने उन्हें बंधी बनाकर रखा था अशोक वाटिका पहुंचकर हनुमान जी ने सीताजी से भेंट कर जब राक्षसों की सेना उन्हें पकड़ने आई और उन्हें जलाने के लिये उनकी पूंछ में आग लगाई गई तो उस आग में हनुमान तो नहीं जले लेकिन सोने की लंका जलकर खाक हो गई हजारों राक्षस इस युद्ध में मारे गये यहां तक कि रावण का पुत्र भी इस युद्ध में मृत्यु को प्राप्त हुआ। आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने कहा कि रावण ने हनुमान जी को साधारण वानर समझा जिसके कारण उसके पुत्र की मृत्यु हुई और लंका में आग लग गई किसी को भी उसके शरीर से साधारण नहीं समझना चाहिये हर प्राणी ईश्वर ने बनाया है और हर प्राणी विशेष होता है रावण के अहंकार के कारण उसके पुत्र क मृत्यु हो गई लंका जलाकर श्री राम के पास पहुंचे हनुमान जी ने सारा वृतान्त प्रभु श्रीराम को सुनाया। यज्ञ में जिला पंचायत हीरा सिंह राजपूत अपनी पत्नि के साथ बैठे रामायण के श्लोकों के साथ आहुतियां दी एवं हजारों श्रद्धालुओं के साथ यज्ञ शाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया साथ ही गुरू पूजा एवं गुरू आरती सभी यजमानों के साथ की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं यज्ञ समिति अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, डॉ. वीरेन्द्र पाठक, राजकुमार सिंह बरकोटी, कुंवर सिंह ठाकुर, मूरत सिंह राजपूत, गुड्डु शुक्ला, अशोक मिश्रा, शरद मिश्रा, राकेश तिवारी, भोले यादव हनौता, घनश्याम पटैरिया, भानू यादव सरपंच, कुलदीप सरपंच, रोशन जाट सरपंच, मुन्ना मिश्रा, गब्बर ठाकुर, रामशंकर पटैरिया, यशवंत अवस्थी, डॉ. संत चौबे, रामठाकुर, हैमेश ठाकुर, पवन दुबे, गोविंद यादव, हेमंत ठाकुर, छतरसिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर, धीरज सेलट, तखन सिंह, अर्पणा यादव जिला पंचायत सदस्य, सुषमा यादव सहित यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा सारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं श्रद्धालुओं के साथ पुण्य लाभ लिया।

# पंचशील मंडल के शक्ति केंद्र में मन की बात कार्यकम का आयोजन



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसे भाजपा के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने भी सुना। राजधानी भोपाल में पंचशील मंडल के शक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 235 में उक्त कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र लिटोरिया, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रश्मि पाण्डेय, पंचशील मंडल के पदाधिकारी के साथ शक्ति केंद्र एवं बूथ के सभी प्रमुख कार्यकर्ता, रहवासी सदस्य, मातृ शक्तिया उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर राज्य खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र लिटोरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड ऐतिहासिक है।

# आरा मशीन और टिंबर मर्चेंट को 2 महीने में खाली करनी होगी जगह

## मेट्रो और शहर के यातायात को व्यवस्थित करने निगम इसी सप्ताह जारी करेगा नोटिस



**भोपाल।** शहर को व्यवस्थित करने और मेट्रो के लिए भी जगह की आवश्यकता है, ऐसे में शहर को सही और सुरक्षित रखने के साथ सुविधाजनक यातायात शहर के लिए ऑक्सीजन का काम करते हैं। यह कहना है कलेक्टर आशीष सिंह का जो टिंबर व्यवसाई के साथ आज मीटिंग कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी जिम्मेदार नागरिक है। इसके लिए जरूरी है की आप भी अपनी जिम्मेदारी समझे और आवंटित जगह पर व्यवसाय को शिफ्ट कर ले। 2 महीने के समय में आप उक्त जगह को खाली कर दें और अपने आरा मशीन और टिंबर का व्यापार अगरिया छापर में जहां पर फर्नीचर क्लस्टर बन रहा है वहां स्थापित करें । वहां सभी लोगों को जगह देने का प्रस्ताव दिया जा चुका है। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही और देरी नहीं होगी। इसी के साथ कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम आयुक्त को इन सभी को एक सप्ताह में नोटिस जारी कर जगह खाली करने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए है। दो महीने में यदि लगता है कि किसी व्यक्ति द्वारा जगह खाली करने में आनाकानी की जा रही है तो उसके लिए नगर निगम को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। बता दें कलेक्टर आशीष सिंह ने आरा मशीन संचालकों और टिंबर मर्चेंट के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और सभी को निर्देश दिए हैं कि 2 महीने में जगह को खाली कर दें। आरा मशीन संचालक और टिंबर मर्चेंट की बैठक में नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी, एसडीएम जमील खान भी उपस्थित रहे ।

# नालों की और अधिक बेहतर ढंग से साफ-सफाई करायें :मालती राय

भोपाल । स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत निर्धारित मापदण्डों अनुसार शहर को साफ स्वच्छ बनाये रखने एवं स्वच्छता की गतिविधियों में जन सामान्य को सक्रिय सहयोग हेतु प्रेरित कर अपने षहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने के दृष्टिगत महापौर मालती राय द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण कर साफ-सफाई, कचरा एकत्रीकरण एवं निष्पादन को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है साथ ही नागरिकों एवं व्यवसायियों को भी विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने, प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल आदि का उपयोग न करने तथा अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 1 एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का आव्हान भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महापौर श्रीमती राय ने सोमवार को प्रातः जोन क्रमांक 21 एवं सायंकाल में जोन क्रमांक 10 के विभिन्न क्षेत्रों में नालों का निरीक्षण कर नालों की और अधिक बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने और पानी के बहाव को निरंतर निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

महापौर मालती राय ने प्रातः न्यू मार्केट, क्वालिटी रेस्टोरेंट, 228 क्वार्टर, गीतांजलि काम्पलेक्स, नीलबड़ रोड साक्षी ढाबा, भदभदा रोड, स्मार्ट पार्क, गांधी भवन, किलोल पार्क, रवींद्र भवन, बाणगंगा तथा जीटीवी काम्पलेक्स आदि तथा सायंकाल में 06 नंबर स्टाप हाकर्स कार्नर, पारूल अस्पताल, शिवाजी नगर, 10 नंबर स्टाप, सांईबाबा बोर्ड, अरेरा कालोनी, बांसखेड़ी आदि क्षेत्रों की रहवासी बस्तियों, बाजारों एवं नालों व पार्क का निरीक्षण किया

महापौर श्रीमती राय ने सभी नालों की और अधिक बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने, नालों एवं आस-पास के क्षेत्रों में झाड़ियों आदि की कटाई-छटाई कराने और नालों के निर्बाध बहाव को निरंतर बनाये रखने हेतु व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती राय ने रहवासी एवं बाजार क्षेत्रों मे साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती राय ने जीटीवी काम्पलेक्स स्थित पार्क की साफ-सफाई एवं रख-रखाव को और अधिक व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# एम्स: छात्र परिषद ने केरल का वार्षिक फसल महोत्सव, विशु, आरात्तू 2.0 के रूप में मनाया




भोपाल। एम्स में छात्र परिषद द्वारा केरल का वार्षिक फसल महोत्सव, विशु, आरात्तू 2.0 के रूप में मनाया गया। विशु मलयालम कैलेंडर के मेडम मास के प्रथम दिन मनाया जाता है । यह वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है । विशु पर भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है, और उनकी मूर्ति विशुक्कानी पर रखी जाती है । ऐसा इसलिए है, क्योंकि पौराणिक कथाओं में ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर का वध किया था।

उत्सव का शुभारंभ छात्रों द्वारा सुंदर प्रार्थना गीत की प्रस्तुति एव दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । समारोह में डॉ. राजेश कुमार पसरीचा (अध्यक्ष; सांस्कृतिक समिति), डॉ. गरिमा गोयल (सदस्य सचिव; सांस्कृतिक समिति), डॉ. श्रमण मुखोपाध्याय, डॉ. लिली पोद्दार, कुमारसामी और आर. वेलमुरुगन ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशुक्कन था, यह एक शुभ प्रदर्शन होता है जो पारंपरिक रूप से विशु के एक दिन पूर्व रात में आयोजित किया जाता है और यह माना जाता है कि इसे देखना एक समृद्ध वर्ष की शुरुआत का संकेत है । विशुक्कानी में पीले कनिक्कोना के फूल, पान के पत्ते, नारियल, कच्चे चावल के अनाज, कासावु धोती, वाल कन्नडी (हाथ का दर्पण), सुनहरी ककड़ी , सिक्के और करेंसी नोट सभी को उरुली के अंदर रखा गया।

भगवान कृष्ण की मूर्ति के समक्ष एक धातु की नीलाविलाकू जलाकर उरुली के बगल में रखा गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों के समक्ष केरल के एक अत्यंत सुंदर और बेहतरीन पारंपरिक नृत्य रूप थिरुवतिरा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । इसके बाद एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक समूह गीत प्रस्तुत किया गया , जिसमें भारत की विभिन्न भाषाओं के गीत शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित संकाय सदस्यों ने भी म्यूजिकल चेयर्स जैसे मनोरंजक खेलों में छात्रों के साथ भाग लिया, इस आयोजन सभी ने पूरी आत्मीयता एवं उत्साह के साथ भाग लिया। आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन नारियल के दूध, पालाडा और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों से तैयार स्वादिष्ट एवं पारंपरिक मिठाई पयासम (खीर) के वितरण के साथ हुआ ।

**दहेज प्रताड़ना का हाईप्रोफाइल मामला**

# दहेज में कंपनी के 50% शेयर नहीं देने पर पत्नी को दी प्रताड़ना

भोपाल । राजधानी भोपाल के अरेरा कॉलोनी इलाके में दहेज प्रताड़ना का हाईप्रोफाइल मामला सामने आया है जिसमें एक पति ने अपनी पत्नी से दहेज के रूप में कंपनी के 50 प्रतिशत शेयर की मांग कर डाली।

इस संबंध में महिला थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना हबीबगंज अंतर्गत ई 8 अरेरा कॉलोनी निवासी श्रीमती रिचा जोहरी का विवाह गत 1 मई 2015 में यही रहने वाले 40 वर्षीय विपुल तनेजा से हुआ था। शादी के बाद से ही आरोपी अपने परिजनों के साथ मिलकर श्रीमती रिचा जोहरी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था । आरोपियों ने श्रीमती रिचा जोहरी से दहेज की मांग की। मांग भी ऐसी वैसी नहीं थी बल्कि उनके पिता द्वारा चलाई जाने वाली कंपनी में 50 प्रतिशत शेयर लाने की बात कही गई थी । जब श्रीमती रिचा जोहरी ने दहेज के रूप में कंपनी के शेयर लाने से इंकार किया तो आरोपी ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया। श्रीमती रिचा चोरी की रिपोर्ट पर महिला थाना पुलिस ने पति विपुल तनेजा ससुर विनोद कुमार तनेजा एवं सास निर्मला तनेजा के विरुद्ध 498 ए 34 तथा 3 / 4 दहेज एक्ट के तहत दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कर लिया है पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

दहेज में 50 लाख नहीं लाने पर किया प्रताड़ितः वही महिला थाना पुलिस ने अभी राज बिल्डिंग कोहेफिजा स्थित रेगलिया कंपाउंड निवासी नूर मोहम्मद खान की 27 वर्षीय पत्नी श्रीमती जोया खान की रिपोर्ट पर पति उमर मोहम्मद खान तारीफ खान आसिया एवं हमजा खान के विरुद्ध भादवि की धारा 498 ए 406 506 34 एवं तीन बटे चार दहेज एक्ट के तहत दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है फरियादिया ने महिला थाना पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा गत एक दिसंबर 2022 से लगातार उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है आरोपियों ने विवाहिता को घर से 50 लाख रुपया दहेज के रूप में लाने की बात कही थी महिला थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# आशीर्वाद फाउंडेशन ने पुलिस कर्मियों को फल वितरण किए



**भोपाल( नप्र)।** भोपाल में युवा द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा एमपी नगर थाना, क्राइम ब्रांच ऑफिस, महिला थाना, मुख्यमंत्री आवास पुलिस बल, यातायात पुलिस, अयोध्या बाईपास थाना के पुलिस कर्मियों को फल पानी बोतल वितरण किए गए आशीर्वाद फाउंडेशन की संस्थापक आयुषी द्वारा यह सराहनीय कार्य किया गया आयुषी बताती है जिस तरह से हमारी सेवा के लिए पुलिस कर्मचारी दिन रात बारिश हो या धूप तत्पर निसवर्थ भव से सेवा में लगे रहते है उनके लिए हमने यह एक पहल की है साथ आशीर्वाद फाउंडेशन नेचर , एनिमल्स , एडुकेशन के लिए भी कम करती है आज इस मौके पर टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे इस दौरान संदीप, करण, मिहिर अहिंसा, आयुषी , आनंदमोहन, मनमोहन, योगेश, सावन उपस्थित रहे इस कार्य की सराहना पुलिस प्रशासन द्वारा भी की गई ।

## सम्पादकीय

# कर्नाटक के प्रयोग

क्या वाकई कर्नाटक चुनाव आगामी आम चुनाव का सेमीफाइनल है? अभी मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में लोकसभा के पहले विधानसभा होने हैं, परंतु कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस और भाजपा के बीच हाई वोल्टेज घमासान देखकर ऐसा लग रहा है, कि यह सिर्फ इस राज्य की सत्ता हासिल करने को लेकर नहीं है। अपितु आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस चुनाव में दोनों दल अपने-अपने स्तर पर कुछ प्रयोग कर रहे हैं, यदि वे सफल होते हैं तो आम चुनाव में सफल होने वाली पार्टी अपने प्रयोग दोहरा सकती है।

कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों पर वोटिंग 10 मई को है और परिणाम 13 मई को आएंगे। कांग्रेस ने इस बार चुनाव के बीच कर्नाटक में नया सामाजिक प्रयोग किया है। चुनाव के दौरान ही पार्टी ने जाति जनगणना की मांग के अलावा आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से अधिक करने का वादा किया। राज्य के पूर्व सीएम और पार्टी के सीनियर नेता सिद्धारमैया अब हर सभा में आरक्षण की सीमा को 75 प्रतिशत तक करने की बात दोहरा रहे हैं। राहुल गांधी भी राज्य में हो रही सभाओं में आक्रामक रूप से ओबीसी कार्ड खेल रहे हैं। दिलचस्प बात है कि मोदी सरनेम पर राहुल की टिप्पणी 2019 में कर्नाटक में ही सामने आई थी, जिसके चलते उन पर ओबीसी के अपमान का आरोप लगाया जा रहा है।

कांग्रेस के इस सामाजिक प्रयोग के पीछे उसकी अपनी राजनीतिक गणना है। राज्य में जातियों के समीकरण बहुत मायने रखते हैं और इसमें सभी का पहले से ही अपना-अपना हिसाब-किताब रहा है। जहां तक इस चुनाव की बात है, वोक्कालिगा समुदाय इस बार जेडीएस के साथ दिख रहा है। इसमें बीजेपी और कांग्रेस को बहुत छोटा हिस्सा मिलने की संभावना है। कांग्रेस को लगता है कि मुस्लिम और ईसाई वोट उसे एकमुश्त मिल सकता है। वहीं लिंगायत वोट में भी कांग्रेस सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, इसमें भाजपा से आए जगदीश शेट्टार को लाभ उसे मिल सकता है। और इसमें जो भी वोट आएगा- वह बोनस ही होगा क्योंकि लिंगायत समुदाय के लोग बड़ी संख्या में भाजपा को वोट करते रहे हैं। ऐसे में पार्टी को वोट का बड़ा हिस्सा ओबीसी से ही मिलने की उम्मीद है। सिद्धारमैया खुद ओबीसी नेता हैं। इसके अलावा 'जिसकी जितनी आबादी, उसको उतना हक' के दांव से कांग्रेस दलितों को भी अपने पक्ष में करने में लगी हुई है।

कांग्रेस को लगता है कि अगर इस चुनाव में यह दांव सफल रहा तो आम चुनाव तक इसी रणनीति के साथ मैदान में उतरा जाएगा। हाल के सालों में पूरे देश में बीजेपी की बड़ी सियासी जीत के पीछे ओबीसी वोट का बड़ा योगदान रहा है। नरेंद्र मोदी खुद को ओबीसी नेता के रूप में जनता के बीच पेश करते हैं। मध्यप्रदेश में तो उसने पिछले बीस साल से ओबीसी को ही सीएम बनाया है। इस प्रयोग से पार्टी को इसकी काट भी मिलने की उम्मीद है। हालांकि इसके अपने जोखिम भी हैं। पार्टी जितने आक्रामक रूप से ओबीसी राजनीति करेगी, आरक्षण की सीमा को बढ़ाने की मांग करेगी, सवर्ण वोट पार्टी से छिटकते जाएंगे। वैसे कांग्रेस जानती है कि उसे सवर्ण वोट कम ही मिलते हैं।

दूसरी ओर भाजपा ने भी इस बार कर्नाटक विधानसभा चुनाव में एक खास राजनीतिक प्रयोग किया है। यह प्रयोग गुजरात मॉडल की तर्ज पर है। इसके तहत पार्टी चुनाव के दौरान ही पुराने नेतृत्व के मुकाबले नए नेतृत्व को सामने करती है। कुछ समय पहले पार्टी ने इसी मंशा से येदियुरप्पा को सीएम पद से हटाकर एसआर बोम्मई को वहां का मुख्यमंत्री बनाया था। पार्टी ने टिकट वितरण में भी यही ट्रेंड कायम रखा। पूर्व सीएम और छह बार के विधायक जगदीश शेट्टार तक को पार्टी ने चुनाव में टिकट नहीं दिया। इस कारण शेट्टार बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इसी तरह पार्टी ने दूसरे कुछ दिग्गजों को टिकट दिए। पार्टी ने संदेश दिया कि राज्य में वह नए नेतृत्व और नई पीढ़ी के साथ चुनाव में हैं। इसके पीछे बीजेपी की दोहरी सोच है। पहली, इससे वह एंटी इनकंबेंसी फैक्टर को काउंटर कर लेगी। और दूसरी, पुराने और उम्रदराज हो रहे नेतृत्व के रहते हुए नया नेतृत्व खड़ा कर लेगी, ताकि आने वाले दिनों में भी अपनी स्थिति मजबूत बनाए रख सके।

हालांकि दक्षिण की राजनीति इस लिहाज से थोड़ी अलग है और हर नेता के पास अपना वोट बैंक होता है। वे जिधर भी रुख करते हैं, वह वोट बैंक उधर ही जाता है। ऐसे में नए नेतृत्व के प्रयोग के अपने जोखिम हैं। लेकिन पार्टी नेतृत्व को लगता है कि इस प्रयोग में फायदा अधिक और नुकसान कम है। अगर कर्नाटक में बीजेपी का यह प्रयोग सफल हो गया तो आने वाले समय में पीढ़ी परिवर्तन की यह प्रक्रिया बीजेपी में और तेजी से देखी जा सकती है। साल के अंत में राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां भी बीजेपी का मुख्य चेहरा बदला जा सकता है। देखना होगा, किसका प्रयोग कितना सफल होता है और राज्यों के आगामी चुनावों के साथ ही लोकसभा चुनाव में किसे कितना लाभ मिलता है?

# दुनिया में बैंकिंग का संकट

**( विशेष लेख अमेरिका से श्याम कस्तूरे द्वारा )**

अभी पिछले दिनों विश्व पटल पर आर्थिक जगत में कुछ ऐसी उल्लेखनीय अकल्पनीय और अनपेक्षित घटनाएं घटित हुइ जिनसे इस क्षेत्र के कई स्थापित मानक ध्वस्त हो गए और घोर असमंजस की स्थिति व्याप्त हो गई। अंतराष्ट्रीय लब्ध प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी (डववकलश्े) मूडीज द्वारा ए 1 रेटिंग से नवाजा जाता रहा अमेरिका का एक बड़ा कामर्शियल बैंक ''सिलीकॉन वैली बैंक (कैलिफोर्निया)'' जो कि अनुमानत: अमेरिका की 50 परसेंट ''वेंचर बैक्ड टेक्नोलॉजी एवं लाइफ साइन्स कंपनीज'' को व बड़ी मात्रा में हाई ग्रोथ स्टार्टअप कंपनीज को सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी था, 10 मार्च 2023 को अचानक डूब गया कारण यह बताया गया कि बैंक ने लांग टर्म यूएस ट्रेजरी बॉन्डस में जमा की बड़ी राशि का निवेश किया था जिसका मूल्य मुद्रास्फ्रीति के कारण बढ़ती जा रही बैंक रेट की वजह से तेजी से गिरा। टेक्नोलॉजी क्षेत्र में आय की कमी से बैंक के ग्राहकों ने जमा राशियों की निकासी की। जब बैंक की लिक्विडिटी पर संकट की खबर फैली तब इतनी जबरदस्त निकासी हुई कि बैंक डूब गया। इस अप्रत्याशित आघात के 48 घंटे के भीतर ही अमेरिका के एक और बैंक ''सिग्नेचर बैंक (न्यूयॉर्क)'' का भी संचालन, जमाकर्ताओं द्वारा बड़ी जमा राशियों की निकासी के कारण, रेगुलेटर को बंद करना पड़ा। सिग्नेचर बैंक मुख्य रूप से ''क्रिप्टो करेंसी कंपनीज'' के वित्त पोषण करने के लिए जाना जाता था। हालांकि अमेरिकी सरकार और फेडरल रिजर्व ने इन दोनों बैंकों के डूबने का तुरन्त उचित संज्ञान लिया, हस्तक्षेप किया और फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कारपोरेशन के माध्यम से जमाकर्ताओं के संपूर्ण हितों की सुरक्षा की घोषणा भी की तथा जमाकर्ताओं को उनकी पूर्ण जमा धनराशि के निकासी की तुरन्त सुविधा भी उपलब्ध कराई। सर्वोच्च स्तर पर राष्ट्रपति जो वाइडेन ने घोषणा की कि अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर को कोई खतरा नहीं है और वह मजबूत है। फिर भी अचानक लगे इस झटके से दुनियाभर के आर्थिक क्षेत्र में विशेषकर बैंकिंग जगत में बड़ी हलचल मची और उथल-पुथल होने के आसार बने। सिलिकॉन वैली बैंक यूके कनाडा चीन डेनमार्क जर्मनी आयरलैंड और स्वीडन में भी कार्यरत् था ब्रिटेन में भी इस बैंक का डूबना वहां की सरकार के लिए परेशानी का सबब बना। ऋषि सुनक सरकार की पहल पर एचएसबीसी ने सिलिकॉन वैली बैंक के यूके स्थित कारोबार तुरन्त अधिग्रहण कर लिया और इस प्रकार ब्रिटिश सरकार जमाकर्ताओं की जमाराशियों की सुरक्षा हेतु कोई अतिरिक्त व्यवस्था करने की परिस्थिति से बच गई।

सिलिकॉन वैली बैंक का एक कार्यालय कुछ वर्षों से बेंगलुरू में भी कार्यरत् है और अपनी ख्याति के अनुरूप स्टार्टअप इकोसिस्टम की गहराई से समझ तथा उसमें जरूरी माने जाने वाली लचीली फंडिंग व्यवस्था के चलते यह बैंक भारतीय तथा भारतवंशियों द्वारा अमेरिका व अन्य देशों में संचालित स्टार्टअप कंपनियों हेतु एक चहेता वित्तीय संस्थान रहा। हमारे तेजी से बढ़ने वाले यूनिकोर्न की संख्या में भी इस बैंक का उल्लेखनीय योगदान रहा है। अत: सिलिकॉन वैली बैंक के इस प्रकार डूब जाने से हमारे स्टार्टअप्स के वर्तमान और भविष्य पर असर पड़ना लाजमी जान पड़ता है। भारत सरकार ने स्टार्टअप्स को लगातार प्रोत्साहित किया है और स्टार्टअप इ ंडिया एक बहुचर्चित एवं सफल इनीशिएटिव रहा है। सरकार अभी भी स्टार्टअप्स के साथ खड़ी है। आईटी के मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा तुरन्त उठाए गए कदमों से सिलिकॉन वैली बैंक के पतन के बाद हुई उथल-पुथल में हमारे स्टार्टअप्स को किसी भी हानिकर प्रभाव से बचाने में बडी मदद मिली है। उन्होंने स्टार्ट अप समुदाय को आश्वस्त किया तथा आव्हान किया कि वे भारतीय बैंकिंग सेक्टर को अपना भरोसेमंद पार्टनर मानें। उल्लेखनीय है कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ने स्टार्टअप्स के लिए अप्रैल में ही एक विशेष शाखा मुम्बई में खोली है। भारत में सरकार, अर्थशास्त्री और विश्लेषक मानते हैं कि अमेरिका के इस 16वें बडे बैंक के डूबने संबंधी घटनाओं से हमारे देश की वित्तीय व्यवस्था पर कोई गंभीर परिणाम होने की संभावना नहीं है। इसी बीच आर.बी.आई. ने 3 अप्रैल 2023 को संसद की 'स्टैडिंग कमेटी आन फायनेंस' को बताया कि सिलीकॉन वैली बैंक के डूबने के परिणामस्वरूप, कुछ समय के लिए भारतीय स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल फंड्स की उपलब्धता में रूकावट आ सकती है। तथापि आरबीआई ने संसदीय समिति को आश्वस्त किया कि भारतीय स्टार्टअप्स ईको सिस्टम पर सिलीकॉन वैली बैंक के डूबने का बहुत ही सीमित प्रभाव परिलक्षित हुआ है। कमिटी के अध्यक्ष जयंत सिन्हा के अनुसार भारतीय स्टार्टअप्स अपने डालर डिपॉजिट को गुजरात की गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फायनेंस टेक सिटी) में स्थित फाइनेंसियल इन्स्टीट्यूशंस में जमा कराने की प्रकिया में है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय बैंकें पर्याप्त रूप से पूंजीकृत हैं तथा अत्याधिक सुरक्षित हैं।



वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की इस उथल-पुथल में बात अमेरिका तक ही सीमित नहीं नहीं। सिलीकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के बाद दुनिया के ैंकिंग शेयरों में हुए उतार-चढ़ाव में स्विट्जरलैंड के नामचीन बड़े बैंक क्रेडिट सुइस के शेयरों में तेज गिरावट हुई। तभी इस बैंक ने अपने 'फाइनेंशियल रिर्पोटिंग प्रोसीजर'' में खामी पाए जाने का उल्लेख किया। इस स्विस बैंक के मुख्य इन्वेस्टर ''सउदी नेशनल बैंक द्वारा फंसे हुए कर्ज के पीछे अतिरिक्त फंडिंग देने से इन्कार की घोषणा 15 मार्च 23 को करते ही यह जाना माना बैंक गहरे आर्थिक संकट में फंस गया। यह सब आनन-फानन में ही हो गया। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रीय गौरव के एक प्रतीक क्रेडिट सुइस को संकट से उबारने के लिए ''स्विस इ ंटरनेशनल बैंक'' द्वारा अविलंब दिए गए 50 बिलियन स्विस फ्रैंक (54.2 बिलियन डॉलर) के महती वित्तीय सपोर्ट के बावजूद 167 वर्ष पुराने महारथी क्रेडिट सुइस को बचाया नहीं जा सका। स्विट्जरलैंड की सरकार उनके देश तथा उनकी बहुचर्चित सुदृढ़ वित्तीय व बैंकिंग व्यवस्था के सम्मान की रक्षा हेतु स्विट्जरलैंड सरकार की पहल पर चिर प्रतिद्वंदी स्विस बैंक ''यूबीएस'' द्वारा क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण कर लिया गया। जरूरी नहीं कि क्रेडिट सुइस का पतन व्यापक संक्रमण का लक्षण बने, लेकिन फिर भी अमेरिकी बैंकों के बाद इस बैंक में हुए घटनाक्रम और इसका जिस तरह से अधिग्रहण हुआ उसका असर विश्व में बैंकिंग परिचालन पर पड़ना अवश्यंभावी प्रतीत होता है। दरअसल क्रेडिट सुइस का पतन केवल एक बैंक का डूबना नहीं है। यह एक अमेद्य सुरक्षा कवच एवं अपराजेय माने जाने वाली वित्तीय व्यवस्था का भरभरा कर गिरना है, जिसकी पूरे विश्व में कोंइ कल्पना भी नहीं कर सकता था।इस एक घटना ने सदियों से और पीढ़ियों से अक्षुण्ण रहे उस भरोसे के अस्तित्व को छिन्न-भिन्न कर दिया, जिसमें यह निश्चित था कि 'स्विस बैंक' में रखा पैसा गुप्तता के साथ-साथ हर हाल में सुरक्षा की गारंटी है। दुनियाभर में धन कुबेरों, काले धन के मालिकों और स्विस भरोसे के झंडाबरदारों के लिए यह अत्यंत विकट स्थिति आन पड़ी है, कि जिसे अकाटय सत्य मानते थे, वह कोरा भ्रम निकला। क्रेडिट सुइस, जो कि विश्व व्यवस्थामें स्विस पहचान का सशक्त वाहक था, वही आर्थिक और प्रबंधन की अव्यवस्था की सुनामी में तिनके की तरह बह गया। जब बैंक ही सुरक्षित नहीं तो पैसा क्या खाक सुरक्षित रहेगा। यूबीएस द्वारा क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण के बाद विश्लेषक मानते हैं कि स्विस बैंकिंग में 30 प्रतिशत से अधिक मार्केट शेयर और देश की करीब 45 प्रतिशत जीडीपी के बराबर जमा राशि के साथ ही बैंक अत्याधिक जोखिम भरा हो सकता है।

विश्व के वित्तीय जगत की इस उथल-पुथल में यू.एस. डॉलर की तरलता प्रभावित न हो और उसे उचित स्तर पर बनाए रखा जा सके इसलिए प्रभावित क्षेत्रों के सेन्ट्रल बैंकों यथा (1) बैंक ऑफ कनाडा (2) बैंक ऑफ इंग्लैंड (3) बैंक ऑफ जापान (4) स्विस नेशनल बैंक तथा (5) (उन्नीस देशों के) यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक ने इस हेतु समन्वय करने की योजना बनाई है। हमारे लिए यह बडे संतोष की बात है कि भारत इसी समय रूस सहित 18 देशों के साथ रूपये में व्यापार करने की प्रक्रिया में तेजी से अग्रसर हो रहा है। अमेरिकी बैंकों के इस तरह से आनन फानन में डूबने तथा क्रेडिट सुइस के अप्रत्याशित पतन ने ''फायनैंशियल स्टैबिलिटी बोर्ड'' द्वारा जारी की जाने वाली विश्व के 30 बडे सशक्त बैंकों की सूची तथा लब्धप्रतिष्ठित वैश्विक रेटिंग एजेन्सियों की विश्वसनीयता को भी एक तरह से धराशायी कर दिया है। इस स्थिति में हम भारतीयों को हमारे वित्तीय संस्थानों / बैंकों को अपने सुरक्षित आर्थिक व्यवहार संबंधी नियमों के कड़ाई से अनुपालन हेतु पुन:समर्पित करने तथा इस संबंध में समयबद्ध समीक्षा तंत्र को और भी अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार व्ही. अनंत नागेश्वरन ने 23 मार्च को इंडिया आउटलुक सेमिनार में जो बात कही वह हमारे लिए इस समय का सही सबक हो सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के वर्तमान घटनाक्रम के बाद वैश्विक अनिश्चितता बढ़ रही है और इसके चलते परिचालन के मामले में सुरक्षा के मार्जिन का विशेष ध्यान रखना होगा। नियामकों और बैंकों को सतर्क रहना होगा। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भारत सरकार वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ''सतर्क रहें - सुरक्षित रहें'' इस मूल मंत्र की प्रभावी उपाय योजना अवश्य करेंगे और हम प्रभावशाली सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के रूप में और भी नयी उँचाइयों और उपलब्धियों के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

# बात सुशासन की, काम शीर्षासन का

**सरयूसुत मिश्रा**

किसी नौजवान को डीएम बनने के लिए लगने वाली मेहनत का हर व्यक्ति अंदाजा भी नहीं लगा सकता. डीएम बनने के बाद उसकी हत्या हो जाना केवल उसके परिवार के लिए ही नहीं देश और समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति मानी जाएगी. इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति न्यायालय के आदेश पर जेल में सजा भुगत रहा हो और कोई भी सरकार नियमों में कोई भी संशोधन कर यदि उसकी रिहाई करती है तो सवाल उठना लाजमी है।

राजनीतिक चरित्रहीनता इस सीमा तक पहुंच गई है कि सुशासन अब शीर्षासन करता दिख रहा है. चुनावी राजनीति में बेहतर संभावनाओं के लिए अपराधियों को जेलों से छोड़ने की रणनीति पर काम करना पड़े. अब सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई करेगा तो निश्चित ही न्याय की उम्मीद की जा सकती है।

बिहार भगवान बुद्ध का प्रदेश है. इस प्रदेश में आज शांति के अलावा सब कुछ उपलब्ध है. राजनीतिक रूप से जागरुक इस प्रदेश में राजनीतिक चरित्रहीनता भी सबसे ज्यादा दिखाई पड़ती है. नीतीश कुमार देश में विपक्षी एकता के सूत्रधार बन रहे हैं. पिछले 18 सालों से बिहार में मुख्यमंत्री हैं. हर बार अलग-अलग दल और गठबंधन के साथ संबंध स्थापित कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज रहना उनकी सबसे बड़ी खूबी मानी जा सकती है. सामान्य जनजीवन में कोई भी संबंध इतनी बार जोड़े और तोड़े नहीं जा सकते जितनी बार उनके द्वारा राजनीतिक संबंध जोड़े और तोड़े गए हैं. इसे राजनीतिक चरित्रहीनता नहीं तो क्या कहा जाएगा?

चरित्रहीनता एक जीवन शून्यता होती है. इसे पहचानने की जरूरत होती है. देश समाज और व्यक्ति के चरित्र को लेकर आये दिन पाठ पढ़ाए जाते हैं. पाठ पढ़ाने वाले यही राजनीतिज्ञ होते हैं. जिनका खुद का कोई चरित्र दिखाई नहीं पड़ता. लोगों का दुख बदलते चरित्र का दुख है. चरित्र से खाली हृदय में चरित्रहीनता निर्द्वंद विराजमान होती है. ईश्वरहीन और सत्यहीन होती राजनीति का बड़ा कारण राजनीतिक चरित्रहीनता ही है।



बाहुबली आनंद मोहन पर तत्कालीन डीएम की हत्या का आरोप है. उन्हें पहले फांसी की सजा दी गई थी जिसे बाद में आजीवन कारावास में बदल दिया गया था. बिहार सरकार में ऐसा नियम था कि जघन्य अपराध में आजीवन कारावास पाए व्यक्ति अपना पूरा जीवन जेल में ही बिताएंगे. लोकसेवकों की सेवा के दौरान हत्या को जघन्य अपराध के रूप में अधिसूचित किया गया था. इसी अधिसूचना को बिहार सरकार द्वारा बदला गया है।

लोकसेवकों की हत्या के मामले को जघन्य अपराधों की श्रेणी से हटा दिया गया है. नीतीश सरकार के इस निर्णय का फायदा उठाकर आनंद मोहन सहित 27 दूसरे हत्या के आरोपियों को रिहाई मिल गई है. रिहा होने वाले सभी अपराधी लंबी सजा भुगत चुके हैं लेकिन ऐसे अपराधियों को किसी सहानुभूति का हक नहीं है जिन्होंने लोकसेवकों की बर्बर ढंग से हत्या की हो।

ऐसे बाहुबलियों का भय शासन-प्रशासन और लोकसेवकों पर आगे भी जारी रह सकता है. ऐसे अपराधियों के खुलेआम फिर से सक्रिय होने पर शासन प्रशासन की गुणवत्ता प्रभावित होगी. रिहाई पर जो राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं उनको देखकर ऐसा लगता है कि बिहार सरकार द्वारा यह निर्णय अपराधियों के जातिगत गणित को देखते हुए आगामी चुनाव में राजनीतिक लाभ के लिए लिया गया है।

नीतीश कुमार अब विपक्षी एकता के लिए काम कर रहे हैं. बिहार की राजनीतिक चरित्रहीनता की राजनीति क्या पूरे देश में लागू होने का समय आ गया है? जो राजनीति देश और समाज के लिए कल्याणकारी मानी जाती है वही राजनीति आज देश और समाज को गलत संदेश और उदाहरण दे रही है. अपराधियों और माफियाओं का बोलबाला कमोबेश हर दौर में बना रहता है. माफियाओं को लेकर राजनीतिक गैंगवार की स्थिति बनती दिखाई पड़ती है।

अलग-अलग राज्यों में बाहुबली और माफियाओं को लेकर अलग-अलग दृश्य दिखाई पड़ते हैं. लोकतंत्र के लिए यह शुभ संकेत हो सकता है कि माफियाओं पर कार्यवाही अब राजनीति का मुद्दा बनने लगी है. यूपी में तो माफियाओं का सफाया मतदाताओं को पसंद आने लगा है. बिहार में जंगलराज की शिकायतें आम हुआ करती हैं. एक ही व्यक्ति अलग-अलग समय में अलग-अलग धारा से जुड़कर सियासत की ऐसी धारा चलाने में सफल रहा जो कि शांतिपूर्ण समाज की धारा नहीं कही जा सकती।

राजनीति में भ्रष्टाचार, बाहुबली और माफिया ज्वलंत मुद्दा बने हुए हैं. राजनीति में इतना चरित्र बचा ही नहीं है कि कोई अपनी गलती मानने का साहस दिखा सके. राजनीति दूसरे को गलत साबित करने पर ही टिकी हुई है. नैतिकता और शुचिता राजनीति से गायब हो गए हैं. तत्कालीन डीएम कृष्णैया का परिवार जिन विपरीत परिस्थितियों में अपना जीवन यापन कर रहा है उसके लिए क्या हमारी राजनीतिक व्यवस्था दोषी नहीं है और वही राजनीतिक व्यवस्था आज उनके हत्यारों को रिहाई पर आनंद मना रही है।

कुछ लोग चरित्र प्रमाणपत्र बांटते हैं. ऐसे लोग अपने जीवन में कभी भी नहीं झांकते. अनर्गल बातें करना और दूसरों को दोषी ठहराना उनका जीवन चरित्र बन जाता है. सिर्फ स्त्री-पुरुष के संबंध के पैमाने से चरित्र को परखना ही चरित्रहीनता नहीं है. चरित्रहीनता लोगों के सपनों को मार डालना है. चरित्रहीनता अपने अहंकार को पुष्ट करना है. सेवा के संस्कार का पालन नहीं करना, कर्तव्य निर्वहन में स्वार्थ का पुट होना भी चरित्रहीनता ही कहा जाएगा।

राजनीति में श्रेष्ठता का दंभ पालने वाले तमाम राजनेता अपने कामकाज और शासन-प्रशासन से राजनीतिक चरित्रहीनता का ही पोषण करते दिखाई पड़ रहे हैं. तत्कालीन डीएम का परिवार बिहार की राजनीतिक चरित्रहीनता का कष्ट नहीं भोगे यही लोकतंत्र के लिए मंगलकारी होगा।

# मध्यप्रदेश में 2018 में हारे नेता बन सकते हैं अपनी ही पार्टी की मुश्किल

**हरीश दिवेकर ( द सूत्र )**

कहते हैं चावल जितना पुराना हो उतना ही अच्छा होता है। राजनीति में भी पुराने चावलों की खूब बखत है। ये चावल जब तक पार्टी के लिए तजुर्बा हैं तब तक ठीक है, लेकिन कहीं बागी हुए तो पूरी हांडी के चावलों के लिए मुश्किल बन जाते हैं। मध्यप्रदेश की चुनावी हांडी में तो ऐसे बहुत से पुराने चावल हैं जो पूरा चुनावी जायका ही बिगाड़ सकते हैं। ये पुराने चावल वो नेता हैं जिनकी राजनीति ही नहीं अपने क्षेत्र में पकड़ बहुत गहरी है और अब ये अपनी ही पार्टियों के गले की फांस बन चुके हैं। इस मामले में कांग्रेस और बीजेपी दोनों का हाल एक ही जैसा है।

**चुनाव बीजेपी-कांग्रेस के लिए क्यों कठिन?**

साल 2023 की जंग शुरू करने से पहले कांग्रेस और बीजेपी दोनों को अपने-अपने महारथी तैयार करने हैं। जो मैदान में उतरेंगे और अपनी पार्टी के लिए वोट की मांग करेंगे। ये चुनावी दस्तूर तो हर पार्टी को हर चुनाव से पहले निभाना पड़ता है, लेकिन इस बार अपने अपन लिए महारथी चुनना दोनों दलों के लिए इतना आसान नहीं है। दोनों ही पार्टियों की मुश्किल ये है कि जो चेहरे पिछले चुनाव में हार गए थे वो इस चुनाव में फिर ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें टिकट दिया तो जीतने की संभावनाएं कम नजर आती हैं और उन्हें नजरअंदाज किया तो जीत बहुत दूर होगी ये भी तय माना जा सकता है। ऐसे एक-दो चेहरे नहीं हैं बल्कि ये लिस्ट बहुत लंबी है। जो दोनों ही दलों के लिए आज नहीं तो कल मुसीबत बनेगी।

**बीजेपी के लिए ज्यादा मुश्किल!**

मध्यप्रदेश में कौनसा नेता कौनसा दांव चलेगा। इसका अंदाजा अभी लगाना आसान नहीं है। उनके दांव तब खुलकर सामने आएंगे जब दोनों राजनीतिक दल अपने अपने प्रत्याशियों का ऐलान करेंगे। उस लिस्ट से बेदखल होने के बाद उनकी चाल का अंदाजा हो सकेगा। वैसे बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस के लिए मुश्किल थोड़ी कम है। कांग्रेस को अपने पुराने लीडर्स को मैनेज करना है, लेकिन बीजेपी को पुराने लीडर्स को मैनेज करने के साथ-साथ दल बदलकर आए उन नेताओं को भी मैनेज करना है जो पिछली बार हार गए थे। ये धाकड़ नेता ये भी साफ कर चुके हैं कि वो चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

**कांग्रेसी नेता×**

**अजय सिंह**

अजय सिंह पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। साल 2018 के चुनाव में अजय सिंह अपनी पुरानी चुरहट विधानसभा सीट से बीजेपी के शरदेंदु तिवारी से 6402 वोटों से हार गए थे। अजय सिंह सीट पर सक्रिय हैं और चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

**अरुण यादव**

अरुण यादव कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। 2018 के चुनाव में सीएम को चुनौती देने अपना क्षेत्र छोड़ बुदनी से चुनाव लड़े। वो 58 हजार 999 मतों से हारे।

**मुकेश नायक**

मुकेश नायक कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे हैं। पिछली बार प्रहलाद लोधी से 23 हजार 680 मतों से हार गए थे। एक बार फिर पवई से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। मुकेश नायक ने बूथों का दौरा करना शुरू कर दिया है।

**राजेंद्र सिंह**

राजेंद्र सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष रहे हैं। 2018 के चुनाव में अमरपाटन सीट से 3747 वोटों से हारे थे। उनकी जगह बीजेपी के रामखिलावन पटेल को जीत मिली। ये हार उनके लिए भी अप्रत्याशित थी।

**रजनीश सिंह**

रजनीश सिंह हरवंश सिंह के बेटे हैं। कई विवादों के चलते वो पिछले चुनाव में केवलारी से चुनाव हार गए। एक बार फिर चुनावी मैदान में सक्रिय हो चुके हैं।

**राम निवास रावत**

राम निवास रावत पिछले चुनाव में विजयपुर सीट से सीताराम जाटव से महज 2840 वोटों से हार गए थे।

इन सभी नेताओं के भाग्य का फैसला कमलनाथ के हाथ में है। कांग्रेस में भी ये साफ हो चुका है कि टिकट इंटरनल सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही मिलेगा।

**बीजेपी के नेता×**

**अर्चना चिटनिस**

अर्चना चिटनिस बीजेपी सरकार में कई बार मंत्री रही हैं। 2018 में बुरहानपुर सीट से निर्दलीय सुरेंद्र सिंह शेरा से चुनाव हारी थीं। वो ये कह भी चुकी हैं कि हम क्षेत्र में काम शुरू कर चुके हैं। फैसला पार्टी करेगी।

**शरद जैन**

शरद जैन कांग्रेस के विनय सक्सेना से चुनाव हारे थे। शरद जैन एक बार फिर जबलपुर पूर्व में सक्रिय हो चुके हैं। सामाजिक संगठनों में आना-जाना शुरू कर चुके हैं।

**उमाशंकर गुप्ता**

उमाशंकर गुप्ता भी बीजेपी सरकार में कैबिनेट का हिस्सा रहे हैं। उमाशंकर गुप्ता पिछला चुनाव भोपाल दक्षिण पश्चिम सीट से कांग्रेस के पीसी शर्मा से हारे थे।

**जयभान सिंह पवैया**

जयभान सिंह पवैया 2018 में प्रद्युम्न सिंह तोमर से चुनाव हार थे। अब प्रद्युम्न सिंह तोमर बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और पवैया राष्ट्रीय कार्य समिति का हिस्सा बन चुके हैं।

**लाल सिंह आर्य**

लाल सिंह आर्य पिछला चुनाव रणवीर जाटव से हारे। अब जाटव भी बीजेपी का ही हिस्सा हैं। आर्य को मैनेज करने के लिए बीजेपी ने उन्हें अनुसूचित जाति मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है।

इनके अलावा अंतर सिंह आर्य, रुस्तम सिंह, ललिता यादव, बालकृष्ण पाटीदार, जयंत मलैया और नारायण सिंह कुशवाह भी टिकट के लिए मैदान में दावेदारी जता सकते हैं। इन सभी के भाग्य का फैसला भी बीजेपी का संगठन ही करेगा।

**उपचुनाव में हारे नेता भी खड़ी करेंगे मुश्किल**

बीजेपी के लिए इतने पर ही बस नहीं होता। दल बदलकर आए वो नेता भी मुश्किल खड़ी करेंगे जो उपचुनाव में हार गए थे। इनमें से अधिकांश सिंधिया समर्थक हैं। इमरती देवी, गिर्राज दंडोतिया, रणवीर जाटव, मुन्नालाल गोयल और जसवंत जाटव जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। जिन्हें बीजेपी ने फिलहाल निगम मंडलों में एडजस्ट कर शांत रखने की कोशिश की है। ये भी संभव है कि आने वाले चुनाव में ये नेता बीजेपी के पुराने ज्यादा दिग्गजों से ज्यादा भारी पड़ें। हारे हुए चेहरों ने मैदान में तो ताल ठोंक दी है। अब देखना ये है कि क्या सर्वे के आधार पर टिकट देकर या टिकट काटकर पार्टियां इन्हें मैनेज कर सकेंगी।

**पार्टी के लिए दोधारी तलवार**

टिकट का ऐलान करने के बाद बगावत की आवाजें उठना हर राजनीतिक दल के लिए आम बात होती है। नेताओं का शक्ति प्रदर्शन, भीतरघात का डर, कार्यकर्ताओं की नाराजगी, हर फैक्टर को मैनेज करना होता है। इस बार भी ये सब होगा ही लेकिन मामला हर बार जितना आम नहीं होगा। इस बार ऐसे दिग्गजों की संख्या ज्यादा है जिनके टिकट पर तलवार लटक रही है। ये तलवार पार्टी के लिए भी दोधारी तलवार ही है जिसके दोनों तरफ से खुद के ही घायल होने की संभावना ज्यादा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# ज्योतिबा फुले सीएम राइज मॉडल विद्यालय मे 13 दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ



दमोह सीएम राइज मॉडल विद्यालय का 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय का परीक्षाफल 98 प्रतिशत से ऊपर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही। विद्यालय प्राचार्य आर.पी. कुर्मी और परीक्षा प्रभारी मुकेश विश्वकर्मा एवं समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाये प्रेषित की। एवं आज दिनांक 01/05/2023 को विद्यालय में 13 दिवसीय समर कॅम्प के प्रथम दिवस का शुभारंभ किया गया। जिसमें सी. एम. राइज विद्यालयों की संकल्पना अनुसार समर कॅम्प में प्रथम दिवस हुये बहुत से कार्यक्रम-जैसे-डान्सिंग, चित्रकला गार्डन प्रबंधन, कचरा प्रबंधन, कराटे प्रदर्शन, योग, गायन, संगीत, एवं खेलो और पढ़ो। इस अवसर पर विद्यालय का 95 प्रतिशत स्टाफ, लगभग 200 छात्र-छात्रायें अतिथि विद्वान एवं 50 अभिभावक गण की उपस्थिति रही।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय का स्थान परिवर्तित

छतरपुर। जिला जनसंपर्क कार्यालय छतरपुर का स्थान 01 मई 2023 से पूर्व में संचालित स्थान भवन से परिवर्तित होकर नये स्थान पर सागर रोड छतरपुर मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सामने एवं नापतौल कार्यालय के बगल में संचालित है। सभी पत्रकार बंधु एवं शासकीय विभाग इस नवीन पते पर पत्राचार करें।

# आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत बेसलाईन सर्वे करने के निर्देश

छतरपुर,। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बेसलाईन सर्वे कराये जाने के निर्देशि दिए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर ने बताया कि जिन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत विधानसभा निर्वाचन 2018 में सबसे कम था। इस जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 48- महाराजपुर, 49 चंदला (अ.जा.) एवं 50-राजनगर का चयन किया गया है, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 मतदान केन्द्रों का चयन किया गया है, जिनमें मतदान का प्रतिशत सबसे कम था। निर्देशों के अनुक्रम में बेसलाईन सर्वे करने हेतु प्रगणकों का चयन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी द्वारा किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 48 - महाराजपुर में बेसलाईन सर्वे कार्य हेतु नोडल अधिकारी एस.एस. अहिरवार, प्राध्यापक, शासकीय छत्रसाल महाराजा महाविद्यालय महाराजपुर, 49- चंदला (अ.जा.) में बसीम अहमद प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय चंदला एवं विधानसभा क्षेत्र 50-राजनगर में स्वामीदीन प्रजापति, अतिथि विद्वान, शा.नवीन महाविद्यालय राजनगर को नियुक्त किया गया है।

# पैक्स सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर महा आंदोलन

खंडवा। पैक्स सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला खंडवा अपनी न्यायोचित लंबित मांगों को लेकर भोपाल महासंघ के आह्वान पर 6 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की कर रहा है तैयारी। खंडवा जिला सहकारी समिति संघ के अध्यक्ष डॉक्टर मिश्रीलाल पटेल ने बताया की इस आंदोलन में कृषि शाख संस्थाएं, विपणन सहकारी संस्थाएं, वनोपज सहकारी संस्थाएं, समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानें, समर्थन मूल्य उपार्जन केंद्र, खाद वितरण केंद्र, एवं ऋण वसूली में लगे समस्त कर्मचारीगण शामिल हो रहे हैं। शासन द्वारा काफी समय से लंबित न्यायोचित मांगों का अभी तक निराकरण नहीं किया गया जिसे पूर्ण कराने के उद्देश्य से तंबू तान कर कलम बंद हड़ताल की तैयारियों में जुटे समितियों और संस्थाओं ने किसानों और आम नागरिकों से माफी मांगते हुए 6 मई को होने जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल में सहयोग करने का आव्हान भी किया।

# 150 साल पुराने एकादश रुद्र स्वरूप महादेव मंदिर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

सीहोर। सोमवार को बैशाख मोहिनी एकादशी के मौके पर पूर्ण विधि-विधान से शहर के छावनी बग्गीखाना स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर परिसर में स्थित अति प्राचीन एकादश रुद्र स्वरूप श्री महादेव जी के जीर्णोद्धार और नवीन शिव मंदिर निर्माणार्थ भूमि पूजन का आयोजन कथा व्यास पंडित अभिषेक भारद्वाज के सानिध्य में किया गया। इस पावन अवसर पर विधायक सुदेश राय, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, राममूर्ति शर्मा, पंडित हरि तिवारी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित राजेन्द्र शर्मा बब्बल गुरु ने बताया कि शहर के मध्य छावनी में प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन सोमवार को किया गया था, इससे पहले यहां पर उपस्थित दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने करीब 150 वर्ष से पुराने जीर्ण-शीर्ण मंदिर के भव्य निर्माण के लिए सहयोग निधि प्रदान की।

# रेलवे जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

दमोह विगत दिवस दिनांक 29/04/23 को फरि. कमलेश अहिरवार पिता डालचंद अहिरवार उम्र 30 साल निवासी ग्राम चैनपुरा थाना बटियागढ़ जिला दमोह का रेल्वे स्टेशन मुसाफिरखाना दमोह में नशे की हालत में सो रहा था तभी एक अज्ञात व्यक्ति उसकी पेंट की जेब में रखा वीवो कंपनी का मो. वाई/ 35 कीमती 22,999/- रुपए का मशरुका चोरी कर ले गया आरोपी की नींद खुलने पर देखा तो जेब में मो. नहीं था जिसकी रिपोर्ट फरि. द्वारा दमोह में करने पर देहाती नालिसी ली जाकर अपराध क्रं. 141/23 धारा 379 भादवि कायम किया गया एवं थाना जीआरपी सागर से अप. क्रं. 142/23 धारा 379 भादवि की केश डायरी प्राप्त हुई जिसमें घटना दिनाँक 26/04/23 को फरि लक्ष्मण प्रसाद मल्लाह पिता बद्री प्रसाद मल्लाह उम्र 30 साल निवासी सत्ताधार सोहावला थाना सिविल साईन जिला सतना का ट्रेन विंध्याचल एक्स से कटनी मुड़वारा से भोपाल की यात्रा कर रहा था यात्रा के दौरान फरि का एक वीवो कंपनी का मो. जनरल कोच से चोरी कर ले गया जिसकी रिपोर्ट पर से अप. सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना एवं स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विवेचना के दौरान सुश्री सिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक महोदय रेल जबलपुर के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम हेतु श्रीमान रबिन्द्र कुमार गौतम उप पुलिस अधीक्षक महोदय रेल जबलपुर के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायता केन्द्र प्रभारी दमोह सउनि एस. के. शर्मा एवं टीम प्र. आर. 277 लव कुमार सिंह. आर. 03 मनीष शर्मा, आर. 574 नवाब सिंह आर. 391 रबिन्द्र मौर्य, म. आर. 224 नगमा खान एवं आरपीएफ स्टाफ आर. राजीव मिश्रा, आर. सतेन्द्र यादव के द्वारा मुखबिर सूचना पर रेल्वे स्टेशन दमोह एवं ट्रेनों में चोरी करने वाले आरोपी किशन रजक पिता स्व. भैयालाल रजक उम्र 26 साल निवासी ग्राम ग्वारी थाना दमोह देहात जिला दमोह के पास से चोरी का एक वीवो कंपनी का मो. वाई/ 35 कीमती 22,999/- रुपए का एवं एक मो. वीवो कंपनी का वाई 21 कीमती 13,400/- रुपए का वैधानिक कार्यवाही कर जाम किया गया। आरोपी से बारीकी से पूछताछ करने पर इस साल में 4-5 माह के अंदर विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशन से विभिन्न कंपनियों के 07 नग मो. कीमती 1.01.970/- रुपए कुल कीमती 1.38.369/- रुपए के चोरी किये थे जिन्हें धाना हाजा के इस्त. क्र. 1/23 धारा 41 (1-4) सी.आर.पी.सी./ 379भादवि में जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किय गया है।



# आवागमन मे ग्रमीणों की शिकायत पर विधायक पांसे लोक निर्माण उच्च अधिकारी मिले

मुलताई । विधान सभा क्षेत्र मुलताई के ग्राम परमंडल, सर्रा, हेटी, डहुआ, चिचण्ड, उमरी, घाना, पिसाटा, बिरूल बाजार, करजगांव, एनस परमंडल, गौला, पौनी सावलमेंढा के ग्रामीणो द्वारा आवागमन मे हो रही परेशानियो से विधायक सुखदेव पांसे को अवगत कराते हुए मार्ग के निर्माण कार्य मार्ग का नवीनी करण एवं मजबूती करण किये जाने के लिए चर्चा की जिस पर कांग्रेस विधायक श्री पांसे ने लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों को अगवत कराते हुए उपरोक्त ग्रामो के मार्ग के निर्माण कार्य नवीनी करण को मजबूती करण से कार्य स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया था। जिसमे ग्राम परमंडल-सर्रा-हेटी-बुंडाला तक (लंबाई 11 कि.मी.) मार्ग का नवीनीकरण कार्य लागत लगभग 139 लाख रूपये डहुआ से चिचण्डा पहुंच मार्ग (लंबाई 10 कि.मी.) का नवीनी करण कार्य ग्राम उमरी से घाना डामरीकरण मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 1.5 कि.मी.) लागत 137 लाख रूपये, मुलताई-पिसाटा से बिरूल पहुंच मार्ग का मजबूती करण कार्य (लंबाई 6.6 कि.मी.)लागत 555 लाख रूपये, पुराने नेशनल हाईवे से ग्राम परमंडल पहुंच मार्ग का डामरीकरण कार्य (लंबाई 1 कि.मी.) लागत 1 करोड रूपये, ग्राम गौला से पौनी पहुंच मार्ग का डामरीकरण निर्माण कार्य एवं ग्राम बिरूल बाजार से सावलमेंढा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की है। पूर्व मे भी विधायक श्री पांसे द्वारा मुलताई विधान सभा क्षेत्र के चारो दिशा मे सुंदर सडकों का निर्माण कार्य स्वीकृत कराया है। जिसमे मुलताई-बोरदेही मार्ग, मुलताई-छिंदवाड़ा पहुंच मार्ग, मुलताई-वरूड़ मार्ग, मुलताई-मासोद मार्ग एवं नेशनल हाईवे 47 मार्ग प्रमुख है

# एस पी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देश पर सटोरियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही

बैतूल - जिले मे चल रही ढ्क्क्र सटोरियो के चौका छक्का के खिलाफ एस पी सिद्धार्थ चौधरी की दिशा निर्देश पर अब सख्ती से कार्रवाई की जा रही है । सारणी पुलिस ने ढ्क्क्रपर सट्टा लगाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बल्कि पुलिस ने सट्टा पर्ची लिखने वाले सात सटोरियों को भी पकड़ा है। इन मामलों में हजारो रुपए की रकम जब्त की गई है। जबकि आई पी एल मे राशि का ऑनलाइन ट्रांसफर होना भी पाया गया है।



वही इस मामले एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि आईपीएल सट्टा सट्टा लिखते पाये जाने पर कार्यवाही की गई है । थाना सारणी के अंतर्गत तीन आईपीएल के सट्टा पकड़े गए । जिसमे पांच आरोपी हरिओम यादव हरिओम साहू सागर पवार रोहित अग्रवाल पंकज खड़े द्वारा नगदी राशि 42 हजार तथा करीबन 55 हजार का नगदी राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया गया।

आई पी एल मे इनके द्वारा नीलेश् गुड्डू पवार को आईपीएल का सट्टा उतारना पाया गया। इसी प्रकार सट्टा पर्ची लिखने वाले कुल 7 आरोपियो तपन मंडल दिनेश उर्फ गोलू डगोरिया संतोष प्रजापति रोहित अग्रवाल हरिओम साहू मनोज बेले व दीपक साहू को रंगे हाथ पकड़ा है। जिनके पास सट्टा पर्ची और नकदी तेरह हजार पांच सौ रुपये विधिवत जब्त की है। उक्त कार्यवाही मे थाना सारणी चौकी पाथाखेड़ा चौकी घोड़ाडोंगरी पुलिस अधिकारी की भूमिका रही है।

# नागर समाज का 36 वर्षों से निरंतर विशाल विवाह सम्मेलन 03 मई को

## मुख्यमंत्री, सांसद संग अन्य कैबिनेट मंत्री समल्लित होने के लगाये जा रहे कयास

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में 36 वर्षों से निरंतर चलता आ रहा, धाकड़/नागर गार्डन समाज विवाह सम्मेलन स्थल परिवर्तन की पत्रकारवार्ता कर जानकारी दी गई। बीते दिनो प्राकृतिक आपदा (आंधी, तूफान के साथ तेज़ बारिश) को मद्देनज़र रखते हुए समाज के द्वारा स्थान परिवर्तन किया गया है। 10 हज़ार सामाजिक लोग उक्त सम्मेलन में जुटना बताया जा रहा है।



मौसम की खराबी को देखते हुए कार्यक्रम का स्थल बदला गया है। नागर समाज का विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 03 मई को औबेदुल्लागंज में विंध्याचल ढाबे के सामने उमरिया रोड़ पर होने जा रहा है। बीते दिनों लगातार हो रही तेज़ आंधी, बारिश को देखते हुए समाज ने विवाह स्थल प्रताप वेयर हाउस , उमरिया कर कर दिया गया है। समाज के मुख्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष मोहन पटेल, पूर्व अध्यक्ष अशोक पटेल, विवाह समिति अध्यक्ष संतोष नागर, गौरीशंकर नागर, समाज के मीडिया प्रभारी दीपक नागर आदि ने बताया कि तीन मई को विवाह सम्मेलन सुबह 11 बजे शुरू हो जाएगा, जो शाम पांच बजे तक चलेगा। विवाह सम्मेलन के के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, साधना सिंह, विधायक सुरेंद्र पटवा व अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। विवाह सम्मेलन में 25 वर-वधू विवाह पवित्र बंधन में बंधेंगे। सम्मेलन में 10 हजार सामाजिक लोग पहुंचने की संभावना है। उक्त दशा को देखते हुए नागर समाज बड़े स्तर पर तैयारी कर रहा है।

# मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए हरि अग्रवाल का आमरण अनशन शुरू

## अधिवक्ता संघ सहित अनेक लोगों ने किया क्रमिक अनशन

छतरपुर। मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर क्रमिक अनशन के 16 वें दिन रविवार से आमरण अनशन शुरू हो गया। मेडिकल कॉलेज संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य हरिप्रकाश अग्रवाल छत्रसाल चौक पर आमरण अनशन पर बैठ गए। उनके साथ अधिवक्ता संघ के सदस्य तथा अन्य लोग क्रमिक अनशन पर बैठे। वरिष्ठ पत्रकार श्याम अग्रवाल ने तिलक लगाकर आंदोलन को गति प्रदान की।



मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 अप्रैल से छत्रसाल चौक पर क्रमिक अनशन की शुरुआत की गई थी। पिछले 15 दिनों में विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक संगठनों और स्वयंसेवी संगठनों, पत्रकारों सहित शहर से लेकर ग्रामीणों तक ने धरना आंदोलन करने के साथ मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को लगातार ज्ञापन तक भेजे लेकिन बुंदेलखंड की सबसे बड़ी आवश्यकता मेडिकल कालेज निर्माण को लेकर शासन स्तर से कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि क्रमिक अनशन और आमरण अनशन के बाद विधानसभा का घेराव किया जाएगा तब शायद शासन की आंख खुले। क्रमिक अनशन पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश दीक्षित, धर्मेन्द्र सक्सेना, बीएल बबेले, अवधेश द्विवेदी, प्रेमनारायण मिश्रा, सतीश सिन्हा, संजय खरे, नरेंद्र कुमार जैन, जेके आशु, रमा अग्निहोत्री, नीरजा पटेरिया, आशा पटेरिया, ऊषा तिवारी, राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामबाबू ताम्रकार, अशोक नायडू, प्रजेय कुमार, सुरेश बाबू खरे, रमेश खरे, रामसहाय राय, प्रह्लाद नारायण सेठ, राकेश अग्रवाल, लालजी पटवा, सौजन्य गुप्ता, ले. कर्नल देवेन्द्र मिश्रा आदि अनेक लोग बैठे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Add. - In Front Of Shukla Ground, Guraiya Road
Ward No. 39, Chhindwara -480001 (M.P.)
Tel. 07162-222346
E-mail: commissioner.chhindwara.mpurban.gov.in

क्रमांक/548/प्र.आ.यो./न.पा.नि/2023 छिंदवाड़ा, दिनांक 27/04/2023

**//प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रिक्त एल.आई.जी. एवं एम.आई.जी.डुप्लेक्स भवनों के विक्रय की सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा सीमांतर्गत निकाय द्वारा विकसित किए गए आवासीय कॉलोनियों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत क्रॉस सब्सिडी एकत्रित किए जाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति का अन्तरण नियम एवं संशोधित नियम का पालन करते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत दिए गए दिशा-निर्देशों के अधीन निकाय द्वारा सुविकसित आवासीय परिसर में निम्न आवासीय भवनों का विक्रय ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है इस निविदा में ऑफर प्रस्तुत कर सकते है विक्रय से संबंधित नियम शर्तें एवं अन्य विवरण वेबसाईट पर देख सकते है एवं अन्य सहायता हेतु कार्यालयीन दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना में संपर्क किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | स्थल | भवन क्रं. | निविदा मूल्य प्रपत्र | प्रति भवन मूल्य लाख में (GST अतिरिक्त देय) | पंजीयन राशि प्रति भवन लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_271907_1 | आनंदमटाउनशीप एल.आई.जी.भवन | C-9 | 5000/- | 31.00 लाख | 3.10 लाख |
| 2 | 2023_UAD_271908_1 | ईमलीखेड़ा एम.आई.जी. भवन | 14 | 5000/- | 46.00 लाख | 4.60 लाख |
| 3 | 2023_UAD_271909_1 | ईमलीखेड़ा एम.आई.जी. भवन | 51 | 5000/- | 46.00 लाख | 4.60 लाख |
| 4 | 2023_UAD_271910_1 | खजरी एम.आई.जी. भवन | 01 | 5000/- | 53.00 लाख | 5.30 लाख |
| 5 | 2023_UAD_271912_1 | परतला एम.आई.जी. भवन | 11 | 5000/- | 54.00 लाख | 5.40 लाख |

**निविदा की शर्तें:-** 1- प्रत्येक निविदाकार वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा।

2- निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑन-लाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में ऑन-लाईन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 28/04/2023 समय 10:30 बजे से दिनांक 13/05/2023 समय 15: बजे तक खरीदे जा सकते हैं।

3- निविदा ऑन-लाईन जमा करने की दिनांक 28/04/2023 समय 10:30 से दिनांक 13/05/2023 समय 15:00 बजे तक है।

4- निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते हैं अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा


# लुटेरी दुल्हन ससुराल से लाखों का माल

शिवपुरी - शहर के करौंदी कॉलोनी में एक घर में दुल्हन के रूप में प्रवेश करने वाली लुटेरी दुल्हन अपनी ससुराल से सोना चांदी लेकर फरार हो गई। पति ने मामला कोतवाली में दर्ज कराया इसी मामले को लेकर आज परिजन एसपी ऑफिस भी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि युवक ने डेढ़ लाख रुपए देकर दुल्हन खरीदी थी-इस शादी में कुछ लोगों ने मध्यस्थता भी की थी।

करौंदी क्षेत्र में रहने वाली मिथलेश शर्मा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे बेटे की शादी नहीं हो पा रही थी, तभी मेरी मुलाकात शिवपुरी पब्लिक स्कूल के सामने रहने वाले महेन्द्र और सतीश से हुई उन्होंने कहा कि हम तुम्हारे बेटे की शादी करा देंगे लेकिन डेढ़ लाख रुपए लगेगा, मिथिलेश राजी हो गई। शहर के पुराने बस स्टैंड पर स्थित स्वाती लॉज में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के चार लोग आकर रूके,इन चार लोगो में लडकी और लडकी की मां सहित 2 अन्य लोग थे। लड़की के परिजनों को डेढ़ लाख रुपए महेंद्र और सतीश ने दिलवा दिए। लडकी और लडके से एक नोटरी रूपी कागज पर हस्ताक्षर भी करवाए। खूबत घाटी पर छबीले हनुमान जी पर बेटा सोनू और बहू रोशनी बंजारा की शादी 14 अप्रैल को हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। बहू आने की खुशी में हम सब खुश थे,अपनी क्षमता अनुसार बहू के लिए गहने भी बनवाए थे,लेकिन 27 अप्रैल की दोपहर बहू रोशनी घर से गायब हो गई। रोशनी अपने साथ सोने की चेन, कान की झुमकी हाथों की चार चूड़ी, मंगलसूत्र लगभग 4 तोला सोना लेकर फरार हो गई। जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया। हमने रोशनी को बहुत ढूंढा लेकिन वह कहीं नहीं मिली।

शादी करवाने वाले दलाल महेन्द्र एवं सतीश हम लोगों में कहासुनी हुई, और हमने उनसे डेढ़ लाख रुपये मानें लेकिन उन्होंने ने पैसे देने से इंकार करते हुये कहा कि तुम्हें जो करना है कर लो, हमारे पास नहीं है पैसे। रिपोर्ट करना हो तो वो भी कर दो। हमारा कोई कुछ नहीं बिगाडेगा।

जानकारी मिल रही है कि दलाल महेन्द्र और सतीश ने रोशनी और सोनू का लिवइन में रहने का संयुक्त अभिस्वीकृति पत्र बनवाया है,जिसे देखकर लग रहा है कि इस तरह की जालसाजी कारित करने के लिए शहर में कोई गैंग सक्रिय है। फिलहाल पुलिस मामले की तहक़ीक़ात कर रही है।

# चोरी की पांच बाइक बरामद ,एक गिरफ्तार

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा चोरी किये गये वाहनों को शीघ्र बरामद कर चोरों के विरुद्ध सखुती से पेश आने के आदेश के पालन में सोमवार को काम्बिग गश्त के दौरान मुखविर द्वारा सूचना मिली कि मोहन यादव पुत्र पप्पू यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम हरतौन मजरा देवरा थाना मायापुर के घर में चोरी की मोटरसायकिलें रखी हैं और वो मोटरसायकिल बेचने के लिये ग्राहक के इंतजार मे खड़ा है, मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पुलिस ने मोहन को धर दबोचा। जब उसके मकान की तलाशी ली तो उसमे पांच मोटर साइकिले कीमती 3,50,000 रुपये रखी मिली जिन्हें जप्त किया गया। आरोपी मोहन यादव पप्पू यादव उम्र 30 साल निवसी ग्राम हरथौन मजरा देवरा थाना मायापुर जिला शिवपुरी से इस्तगासा क्रमाक 03/2023 धारा 41(1)(4),102 जाफौ. 379 ताहि. का मामला कायम कर जांच मे लिया गया आरोपी से अन्य आरोपी गणो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे निरी. धनेन्द्र सिह भदौरिया , उनि अशोक बाबू शर्मा मय सउनि प्रकाश कौरव मय आर. 363 जयवीर आर.930 मंजीत आर.671 रबि बाथम, राधे जादौन की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने जियो सिनेमा के साथ साझेदारी की

**जबलपुर।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए विशेष डिजिटल पार्टनर जियो सिनेमा के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य लाखों भारतीय उपभोक्ताओं के क्रिकेट देखने के अनुभव को बेहतर बनाना है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जियो सिनेमा, जो हाई-ऑक्टेन आईपीएल को सभी इंटरनेट नेटवर्क ग्राहकों के लिए मुफ्त में स्ट्रीम कर रहा है, अब एलजी ओएलईडी टीवी पर उपलब्ध होगा। इस साल आइपीएल को जियो सिनेमा पर 12 अलग-अलग भाषाओं में 16 यूनिक फीड्स में स्ट्रीम किया जाएगा, जिसमें इनसाइडर फीड, हैंगआउट फीड, फैंटेसी फीड और फैनज़ोन फीड शामिल हैं और यूजर्स इसे स्त्र स्मार्ट टीवी पर जियो सिनेमा ऐप के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। एलजी की उन्नत डिस्प्ले तकनीक और जियोसिनेमा की विविध सामग्री के साथ, दर्शक इस आईपीएल सीजन में एलजी 4के टीवी ग्राहकों के लिए उपलब्ध 4के स्ट्रीमिंग और मल्टी-कैम प्रेजेंटेशन के साथ एक शानदार अनुभव का आनंद ले सकते हैं। क्रिकेट के बुखार को बढ़ाने के लिए, जियो सिनेमा ने अपने विशेषज्ञ पैनल में सुपरस्टार्स की एक बैटरी का अनावरण किया है। इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन, खिताब जीतने वाले सलाहकार, सभी समय के आंकड़ों के नेता और सुरेश रैना, क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स, अनिल कुंबले, रॉबिन उथप्पा, आरपी सिंह, जहीर खान, इयोन मोर्गन, ग्रीम स्मिथ जैसे भविष्य के हॉल ऑफ फेमर्स , और स्कॉट स्टायरिस ने जियो सिनेमा के स्टार-स्टडेड विशेषज्ञ पैनल को सुर्खियों में रखा, जो प्रशंसकों को सबसे व्यापक, इमर्सिव और इन-डेप्थ कवरेज प्रदान करता है। उपयोगकर्ता अपने एलजी टीवी पर वेबओएस लॉन्चर बार पर जियो सिनेमा का उपयोग कर सकते हैं।

## रोजाना मुट्ठी भर अखरोट खाने से किशोरावस्था में बेहतर हो सकता है संज्ञानात्मक विकास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतिष्ठित प्रकाशक द लैंसेट डिस्कवरी साइंस की पत्रिका, ईक्लिनिकामेडिसिन में प्रकाशित एक नए स्पेनिश शोध से पता चला है कि नियमित रूप से अखरोट के सेवन से किशोरावस्था के नवयुवक-युवतियों के संज्ञानात्मक विकास और मनोवैज्ञानिक परिपक्वता पर सकारात्मक प्रभाव होता है। अखरोट पेड़ों पर फलने वाला एकमात्र खाद्य है जिसमें शरीर के लिए आवश्यक एक ओमेगा-3 फैटी एसिड, अल्फा-लिनोलेनिक एसिड (एएलए) महत्वपूर्ण मात्रा में पाया जाता है। एएलए मस्तिष्क के विकास, विशेषकर विकास के चरण में मुख्य भूमिका निभाता है। आईएसग्लोबल और हॉस्पिटल डेल मार इंस्टिट्यूट फॉर मेडिकल रिसर्च (आइएमआइएम) के सहयोग से इन्स्तितुत द इन्वेस्तीगासियो सनीतारिया पेरे विरजिल (आईआईएसपीवी) यानी पेरे वरजिल हेल्थ रिसर्च इंस्टिट्यूट ने नेतृत्व में संचालित इस अध्ययन के परिमाण आशाजनक है, क्योंकि यह पहला अनुसंधान है जो किशोरावस्था में अखरोट खाने का महत्व दर्शाता है। यह अनुसंधान दर्शाता है कि आवश्यक पोषक तत्व, जैसा कि अखरोट से प्राप्त होते हैं, वाले स्वास्थ्यकर और संतुलित आहार का किशोरों के संज्ञानात्मक और मनोवैज्ञानिक विकास पर लाभकारी प्रभाव हो सकता है। आईआईएसपीवी के न्यूरो एपिया रिसर्च ग्रुप के प्रधान अनुसंधानक और समन्वयक, डॉ. जोर्दी जुल्वेज़ का कहना है कि, किशोरावस्था मस्तिष्क के शोधन, संयोजन और जटिल व्यवहारों की अवधि होती है, इसलिए यह आहार सहित अनेक प्रकार के पर्यावरणीय और जीवनशैली से जुड़े घटकों के प्रति संवेदनशील होता है, जिनसे इसे उचित विकास के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा और पोषक तत्वों की ज़रुरत होती है। अखरोट पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य है और एएलए यानी ओमेगा-3 फैटी एसिड का वनस्पति-आधारित समृद्ध स्रोत है जो ऊर्जा प्रदान करता है और शरीर तथा शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है।

## मैं मेरिल स्ट्रीप के किरदार मिरांडा प्रीस्टली से प्रेरित हूं: बेनाफ दादाचंदजी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो सपनों की छलांग ज़िंदगी की झलक दिखाता एक दिल छू लेने वाला ड्रामा है, जिसमें झांसी की एक लड़की राधिका की दिलचस्प कहानी है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई जैसे बड़े शहर में विश्वास की छलांग लगाती है। इसमें मेघा रे मुख्य किरदार निभा रही हैं। इस शो में हाल ही में दिखाया गया कि राधिका अपने पैरेंट्स, खासतौर पर अपने पिता राधेश्याम यादव (संजीव जोतांगिया) को इस बात के लिए मनाती है कि वे उसे करियर बनाने के लिए मुंबई जाने दें। एक अनजान शहर में रहने के संघर्षों के बीच राधिका को अपनी पहली जॉब पर अपने बॉस को प्रभावित करने की मुश्किल से निपटना होगा। मशहूर एक्ट्रेस बेनाफ दादाचंदजी इस शो में राधिका की बॉस प्रियल मेहता का रोल निभा रही हैं। प्रियल मेहता बड़ी सख्तमिजाज बॉस हैं और हर काम बेहतरीन चाहती हैं, और इस वजह से ऑफिस में तनाव और डर का माहौल बना रहता है। यह किरदार कुछ ऐसा है, जिससे आप बड़े प्यार से नफरत करना चाहेंगे। इस किरदार के बारे में बताते हुए बेनाफ दादाचंदजी कहती हैं, प्रियल मेहता एक ऐसी महिला हैं, जिन्हें बकवास बिल्कुल पसंद नहीं है। वो काफी बिजनेस माइंडेड हैं और अपनी टीम के साथ बहुत सख्ती से पेश आती हैं। जब मुझे इस किरदार के बारे में बताया जा रहा था, तब मेरे ज़ेहन में जो सबसे पहली तस्वीर आई, वो फिल्म द डेविल वियर्स प्राडा में मेरिल स्ट्रीप द्वारा निभाए गए किरदार मिरांडा प्रीस्टली की थी, जब वो ऐना हैथवे के किरदार एंडी को नौकरी से निकालती हैं। वो बड़ा पावरफुल मोमेंट था क्योंकि इसमें उनका बर्ताव बर्फ की तरह कूल था, लेकिन उनके शब्द छुरी की धार जितने तेज थे। मैं इसी खूबी को प्रियल मेहता के अपने किरदार में उतारना चाहती थी। मेरे लिए प्रियल वो किरदार है, जो मुंबई की कड़वी सच्चाई दिखाती हैं कि किसी को भी रातों-रात सफलता नहीं मिलती, यह बहुत मुश्किल से हासिल होती है।

## भोपाल में टॉपरैंकर्स द्वारा नए ऑफ़लाइन ज्यूडिशियरी बैच की शुरुआत

**भोपाल।** भारत का अग्रणी डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म, टॉपरैंकर्स, 1 मई 2023 को अपने भोपाल केंद्र जो 7, जोन-सेकंड, स्टेट बैंक के पास, एमपी नगर में है द्य टॉपरैंकर्स, नए ऑफलाइन ज्यूडिशियरी बैच की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैच में 80-120 छात्रों की क्षमता होगी और इसे पढ़ाने का काम शिखर के राष्टीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) के कुशल शिक्षक करेंगे।एक मजबूत नींव डालने के लिए, न्यायपालिका बैच में कानून की पढ़ाई के इच्छुक उम्मीदवारों को 800 घंटे से अधिक का इन-पर्सन लेक्चर दिया जाएगा, एक पर एक द्विसाप्ताहिक मेंटॉरशिप सत्र होंगे, 30 प्लस ज्यूडिशियरी की अध्ययन सामग्री होगी जिसमें थ्योरी और अभ्यास प्रश्न और बहुत कुछ शामिल हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षा के अनुभव के मिश्रण के साथ, बैच में 50 से अधिक मॉक टेस्ट और सबजेक्ट टेस्ट, उत्तर लिखने के अभ्यास के लिए पूर्ण-लंबाई वाली मासिक मुख्य परीक्षा, विशेषज्ञों से उत्तरों का व्यापक मूल्यांकन और पूर्ण प्रतिक्रिया और अपने किस्म का अनूठा पुस्तकालय और ज्ञान हासिल करने के बेहतर परिणाम के लिए छात्रों के लिए अध्ययन का जीवंत स्थान भी है। इस बैच के परिचयात्मक विषय में भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल होगा। बैच के पूरे पाठ्यक्रम को यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है कि छात्रों को विषय वस्तु की पूरी समझ हो और वे परीक्षा के दौरान अपने ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें।आगामी ज्यूडिशियरी बैच में छात्रों को होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताते हुए टॉपरैंकर्स भोपाल सेंटर के केंद्र प्रमुख लोकेश मुले ने कहा, हमें भोपाल में अपने आगामी ज्यूडिशियरी बैच की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

## सफलता की मिसाल है महिंद्रा का करोबारी सफर, स्कार्पियो को ब्रांड बनाने के साथ हासिल की कामयाबी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बड़े कारोबारी समूह महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा का 68 वां जन्मदिन है। उनका जन्म 1 मई, 1955 को हुआ है। वे महिंद्रा परिवार से आने वाले तीसरी पीढ़ी के कारोबारी हैं। महिंद्रा ग्रुप को बुलंदियों तक पहुंचाने में उनका काफी बड़ा योगदान माना जाता है। उनकी चेयरमैनशिप में कंपनी ने ऑटो सेक्टर से निकलकर रियल एस्टेट, कृषि, एयरोस्पेस और अन्य सेक्टरों में कारोबार स्थापित किया।

आनंद महिंद्रा ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में फिल्म निर्माण और आर्किटेक्चर और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री हासिल की है। बता दें, वे हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एक समय दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रहे बिल गेट्स के सहपाठी थे। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने महिंद्रा ग्रुप की कंपनी में फाइनेंस डायरेक्टर के रूप में की थी, जिसके कुछ समय के बाद वे इसी कंपनी के एमडी बन गए थे।

महिंद्रा ग्रुप को एक एसयूवी ब्रांड स्थापित करने का श्रेय आनंद महिंद्रा को दिया जाता है। उन्होंने कंपनी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट स्कॉर्पियो का नेतृत्व किया और साल 2002 में भारतीय बाजार पेश किया। इसके लॉन्च होते ही ये एसयूवी भारतीय बाजार में छा गई थी। इसकी दिवागनी इस कदर है कि 2022 में इसके नए मॉडल आने पर 30 मिनट में ही एक लाख से अधिक बुकिंग हो गई थी। आज भी इस एसयूवी पर लंबी वेटिंग चल रही है। आनंद माहिंद्रा का नाम उन चुनिंदा कारोबारियों में शामिल हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वे लगातार फॉलोअर्स की ओर से पूछे जाने वाले सवालों का जवाब देते रहते हैं। उनके ट्विटर पर करीब एक करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं।

फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक आनंद महिंद्रा के पास करीब 2.1 अरब डॉलर की संपत्ति है। मौजूदा समय में उनके नेतृत्व में चल रहे महिंद्र ग्रुप की आय करीब 19 अरब डॉलर है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज प्रांतीय जन स्वास्थ्य रक्षक कल्याण संगठन के प्रांतीय सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर पटेल व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉलर के दबदबे को मिल रही चुनौती

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिका में चिंता साफ दिख रही है। डॉलर के दबदबे को चुनौती ने वहां शंकाओं को जन्म दे दिया है। दुनिया भर में आवाजें उठ रही हैं कि डॉलर से दूरी बनाने की कोशिशें तेज होनी चाहिए। नामी अमेरिकी अर्थशास्त्री जोसफ सुलिवन ने हाल में कहा है कि अगर ब्रिक्स देश (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, साउथ अफ्रीका) अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए अपनी संयुक्त करंसी लाते हैं तो इससे डॉलर के लिए मुश्किल हो सकती है।

**कितनी है ताकत:** अमेरिकी डॉलर की हैसियत क्या है, ये बताने के लिए इतना काफी होगा कि ग्लोबल विदेशी मुद्रा व्यापार में इसका हिस्सा 80 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि हाल के वर्षों में प्रभुत्व धीरे-धीरे कम हो रहा है। यह ट्रेंड कई कारणों से है। अमेरिकी डॉलर की स्थिरता पर चिंताएं बढ़ी हैं।



व्यापार भुगतान के लिए दूसरी मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आर्थिक महाशक्ति के रूप में चीन और भारत का उदय हो रहा है।

अब सवाल ये उठता है कि दुनिया की मुद्रा व्यवस्था में अगर इतने बड़े बदलाव की संभावना है तो भारत को क्या रुख अपनाना चाहिए? क्या उसे डॉलर की पुरानी ताकत पर इसलिए भरोसा करना चाहिए कि हाल के बरसों में अमेरिका से आर्थिक करीबी बढ़ी है। या फिर ब्रिक्स की पहल का साथ देना चाहिए, जिस मंच पर भारत के साथ चीन भी खड़ा होता है।

**कितनी है उम्मीद :** ट्रंप के शासनकाल के दौरान सुलिवन वाइट हाउस की आर्थिक सलाहकार परिषद में रह चुके हैं। उनकी शंकाएं एकदम से निर्मूल नहीं कही जा सकती हैं। ब्रिक्स देश भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि विदेशी कारोबार के लिए एक नई करंसी होनी चाहिए। कहा जा रहा है कि ये विचार इस साल अगस्त में आकार भी ले सकता है, क्योंकि तब ब्रिक्स का सालाना सम्मेलन होना है।

## फिर घटीं वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतें

**नई दिल्ली एजेंसी।** गैस सिलेंडर के दामों में एक बार फिर कटौती हुई है। खबरों के अनुसार, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 171.50 रुपये की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर का दाम 1856.50 रुपये हो गया है।

पिछले कुछ महीनों में गैस सिलेंडर के दामों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इसमें सबसे ज्यादा असर कमर्शियल गैस सिलेंडरों में देखने को मिला। हाल ही में, दिल्ली में 19 किलो के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 91.50 रुपये की कमी की गई थी। यह सिलेंडर 2,028 रुपये में मिलने लगे थे। हालांकि तब भी घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ था।



देश की गैस कंपनियां हर माह की पहली तारीख को गैस सिलेंडरों के दाम तय करती हैं। पेट्रोलियम और तेल कंपनियों ने इस साल मार्च में व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में 350.50 प्रति यूनिट की दर से इजाफा हुआ था और घरेलू सिलेंडर की कीमत भी 50 रुपये प्रति की दर से बढ़ी थी।

इस साल एक जनवरी को भी व्यावसायिक सिलेंडर में 25 रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि हुई थी। व्यावसायिक सिलेंडर के दाम बीते साल सितंबर माह में आखिरी बार 91.50 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से घटे थे। एक अगस्त 2022 को भी सिलिंडर के दाम में 36 रुपये प्रति यूनिट की दर से गिरावट आई थी। वहीं 6 जुलाई को व्यावसायिक सिलिंडर के दाम में 8.5 प्रति यूनिट की दर से कमी की गई थी।

## निसान मोटर इंडिया ने अप्रैल 2023 में दर्ज की 3249 यूनिटों की थोक बिक्री हुई

गुरुग्राम । निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अप्रैल 2023 के दौरान कुल 3249 यूनिटों की थोक बिक्री दर्ज करने की घोषणा की है। कंपनी की घरेलू थोक बिक्री 2617 रही जबकि शेष 632 यूनिटों का निर्यात किया गया। निसान मोटर इंडिया ने हाल में विव 2022-23 के दौरान, 23 फीसदी सेल्स ग्रोथ की घोषणा की थी जबकि मार्च में घरेलू बिक्री वर्ष दर वर्ष 8त्र रही जो कि अप्रैल 2023 में 24त्र दर्ज की गई है जो इस बात का सूचक है कि कंपनी ने विव 2023-24 में भी विकास के मोर्चे पर गतिशीलता जारी रखी है।

राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर इंडिया ने कहा, निसान की बिग, बोल्ड, ब्युटिफुल मैगनाइट के चलते कंपनी की सकारात्मक बढ़त जारी है, और इसकी 1 लाख से ज्यादा कस्टमर बुकिंग्स हो चुकी हैं। हमारा ज़ोर लगातार घरेलू बाजार पर है जबकि साथ ही साथ, हम 15 से अधिक देशों में निर्यात करते हुए अपने ग्लोबल फुटप्रिंट में भी विस्तार कर रहे हैं। जीडीपी ग्रोथ और सामान्य मानसून के मद्देनज़र, आने वाले समय में ग्राहकों के स्तर पर सकारात?मक रुझान बने रहने की संभावना है, और उद्योग ने विव 2023-24 की अवधि के लिए उच्च एकल अंक में विकास (सिंगल डिजिट ग्रोथ) का पूर्वानुमान जताया है।


निसान अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए फिजिटल वितरण मॉडल पर काम करती है और उन्हें सभी तरह की जरूरतों के लिए निर्बाध, वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करती है।

## आयुथवेदा के चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज के साथ अपनी त्वचा की प्राकृतिक चमक को करें अनलॉक

**मुंबई, एजेंसी।** आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल रेंज अल्टीमेट स्किन डिटॉक्स रेजिमेन के साथ आता है जिसे त्वचा को भीतर से साफ करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रोडक्ट की यूनिक सेलिंग धारणा प्राकृतिक इंग्रीडिएंट्स जैसे फ्लोरल डिस्टिलेट्स की संरचना में निहित है जो कि महिलाओं की कोमल त्वचा की पूर्ती करने के लिए इसमें जोड़े जाते हैं। चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज सभी गंदगी, अशुद्धियों को निकालने के साथ साथ त्वचा को डिटॉक्सीफाई भी करती है। आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल स्किन डिटॉक्स रेजिमेन को चेहरे एवं शरीर दोनों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, इस रेंज में - एक हैंडमेड चारकोल कैस्टिल सोप, चारकोल फेस वॉश एवं चारकोल और कॉफी शीट सीरम मास्क शामिल हैं। 1) आयुथवेदा चारकोल फेस वाश ( जो ऑयल प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है, छिद्रों को बंद करता है और त्वचा को खूबसूरत बनाता है) - आयुथवेदा का यह परफेक्ट स्किनकेयर क्लींजर, चारकोल फेस वाश छिद्रों को साफ करने वाला आयुर्वेदिक सोल्यूशन है जो प्रभावी रूप से त्वचा को प्रदूषण से बचाने, ऑइल कंट्रोल करने तथा डेड स्किन सेल को एक्सफोलिएट करता है। फ्लोरल डिस्टिलेट्स त्वचा को जरुरी डेटॉक्सीफिकेशन प्रदान करते हैं जिसमे फेस वाश तत्काल मेकअप रिमूवर के रूप में भी काम करता है जो कि त्वचा को कोमलता प्रदान करता है और इसे कई ग्राहकों का पसंदीदा बनाता जा रहा है। इसके साथ ही यह त्वचा में मौजूद गंदगी एवं और अशुद्धियों को दो गुना तादाद से बाहर निकालता है। एक्टिवेटिड चारकोल तथा रोज़, लोटस, ब्यूटिया एवं मेरीगोल्ड के रिफ्रेशिंग डिस्टिलेट्स से बना, फ़ॉर्मूलेशन स्किन सेल मैट्रिक्स को पुनर्स्थापित करता है, डार्क स्पॉट्स को कम करता है और रोमछिद्रों को खोलता है। मुख्य इंग्रीडिएंट्स- एक्टिवेटेड चारकोल, ब्यूटिया, लोटस, रोज़ एवं ऑरेंज।

## आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने उत्प्रेरक विकसित किया है

**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने डॉ. अक्षय कुमार ए.एस.,एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग के नेतृत्व में, एक उत्प्रेरक विकसित किया है जो लकड़ी के अल्कोहल से हाइड्रोजन गैस छोड़ सकता है। इसमें कार्बन डाइऑक्साइड का कोई पार्श्व उत्पादन नहीं होता है। एक आसान और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित प्रक्रिया होने के अलावा, विधि फॉर्मिक एसिड का उत्पादन करती है जो एक उपयोगी औद्योगिक रसायन है। यह विकास मेथनॉल को एक आशा जनक लिक्विड ऑर्गेनिक हाइड्रोजन कैरियर (एलओएचसी) बनाता है और हाइड्रोजन-मेथनॉल अर्थव्यवस्था की अवधारणा में योगदान देता है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन के विकल्प खोजने की ओर बढ़ रही है, हाइड्रोजन गैस स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का सबसे अच्छा स्रोत बनी हुई है। वर्तमान में, हाइड्रोजन का उत्पादन या तो पानी के विद्युत रासायनिक विभाजन से होता है या अल्कोहल जैसे जैव-व्युत्पन्न रसायनों से होता है। बाद की विधि में, मेथनॉल सुधार नामक प्रक्रिया में उत्प्रेरक का उपयोग करके मिथाइल अल्कोहल से हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है।



मिथाइल अल्कोहल से हाइड्रोजन के उत्प्रेरक उत्पादन में दो समस्याएं हैं ।पहला यह है कि इस प्रक्रिया में 300 डिग्री सेल्सियस की सीमा में उच्च तापमान शामिल है दूसरा, प्रतिक्रिया कार्बन डाइऑक्साइड का सह-उत्पादन करती है, जो एक ग्रीनहाउस गैस है। यहीं पर आईआईटी गुवाहाटी की टीम ने एक समाधान निकाला है। अपने काम की महत्वता बताते हुए डॉ. अक्षय कुमार ए.एस., एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईटी गुवाहाटी ने कहा, मेथनॉल-सुधार में उपयोग की गई उत्प्रेरक प्रणालियों के विपरीत, जो ब्रह्मास्त्र की तरह कार्य करती हैं और जिसके परिणामस्वरूप कार्बन डाइऑक्साइड को पूर्ण विनाश होता है, वर्तमान कार्य में पिनसर (केकड़े की तरह) उत्प्रेरक डिजाइन करने के लिए एक स्मार्ट रणनीति शामिल है जो चुनिंदा उच्च-मूल्य का उत्पादन करती है। आईआईटी गुवाहाटी टीम ने उत्प्रेरक का एक विशेष रूप विकसित किया जिसे पिंसर उत्प्रेरक कहा जाता है, जिसमें एक केंद्रीय धातु और कुछ विशिष्ट कार्बनिक लिगेंड होते हैं। इसे पिंसर कहा जाता है क्योंकि कार्बनिक लिगेंड एक केकड़े के पंजे की तरह होते हैं जो धातु को जगह में रखते हैं।

इस विशेष व्यवस्था के कारण उत्प्रेरक अतिविशिष्ट एवं चयनात्मक हो जाता है । इस प्रकार, लकड़ी के अल्कोहल को हाइड्रोजन में तोड़ा जाता है, कार्बन डाइऑक्साइड के बजाय फार्मिक एसिड उत्पन्न होता है। प्रतिक्रिया 100 डिग्री सेल्सियस पर होती है, जो पारंपरिक मेथनॉल-सुधार के लिए आवश्यक तापमान से बहुत कम है। उत्प्रेरक को पुनः प्रयोज्य बनाने के लिए, शोधकर्ताओं ने उत्प्रेरक को निष्क्रिय समर्थन पर लोड किया। इसके द्वारा वे कई चक्रों में उत्प्रेरक का पुनः उपयोग कर सकते थे। केमडिस्ट ग्रुप ऑफ कंपनीज इस परियोजना में उद्योग सहयोगी है।

## मर्करी ईवी-टेक लिमिटेड विकास के पथ पर



**वडोदरा, एजेंसी।** मर्करी ईवी टेक लिमिटेड ने हाई स्पीड 2डब्ल्यू (2 मॉडल), हाई स्पीड 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर, लो स्पीड 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर, 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर (निर्यात के लिए बीएस4) इंजन मॉडल, डब्ल्यू लोडर, कृषि उपयोग के लिए ईवी ट्रैक्टर और 12 सीटर बस जैसे उत्पादों की व्यापक रेंज के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस स्थापित किया है। कंपनी ने अपनी सहायक कंपनी (80 प्रतिशत होल्डिंग) पॉवरमेट्ज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बैटरी निर्माण शुरू किया है, जहां प्रति दिन 45-50 बैटरी का उत्पादन किया जाता है और कंपनी आने वाले 30-40 दिनों में प्रति दिन 175 बैटरी हासिल करने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी ने प्लॉट नंबर 86, इकोटेक 6, ग्रेटर नोएडा (यूपी) में बैटरी उत्पादन के लिए अपनी उप इकाई भी शुरू की है। इसके अलावा कंपनी ने ट्रैक्शन मोबिलिटी बैटरी पैक का अनुसंधान और विकास शुरू किया है, जहां इसकी योजना बेंगलुरू स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर सिल्वरलाइन टेक पार्क, व्हाइटफ़ील्ड, ईपीआईपी द्वितीय चरण, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560066, में 7(सात) अच्छी तरह से अनुभवी बैटरी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की टीम के साथ नए उत्पाद विकास को बढ़ावा देने के लिए,ढ्ढस् अनुपालन के साथ 96ङ्क से 250॥ तक के लगभग 20 नए मॉडल और 1 तक की बैटरी स्टोरेज सिस्टम की तैनाती करना है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के बारे में मर्करी ईवी-टेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कहा कि, यह नया अनुसंधान और विकास आधार हमारे भविष्य के विस्तार में एक महत्वपूर्ण निवेश है। हम अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने वाले अभिनव समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह नई सुविधा उस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हम इस नई सुविधा से होने वाले अविश्वसनीय कार्य को देखने के लिए उत्साहित हैं। उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली दिमाग और उनके डिस्पोज़ल में सबसे अच्छी तकनीक के साथ, हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह टीम ग्राउंड ब्रेकिंग उत्पादों को वितरित करना जारी रखेगी जो हमारे उद्योग के भविष्य को आकार देगी। मर्करी ईवी टेक लिमिटेड एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी है जिसकी संपूर्ण ईवी इको सिस्टम में मौजूदगी है। इसमें अत्याधुनिक 20-एकड़ की ईवी तकनीक और विनिर्माण सुविधा है जिसे 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ बनाया जा रहा है। कंपनी के पास मर्करी ब्रांड के तहत उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कंपनी का अपने मर्करी ब्रांड में नवीनतम समावेश इसका 4-पहिया वाहन *मुसक* है। कंपनी का मिशन अभिनव और उन्नत मेक-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों के साथ एक ज़िम्मेदार और हरित परिवहन यात्रा को जारी रखना है।

इसके अलावा यह कंपनी बाज़ार को एक स्वच्छ ऊर्जा विकल्प की ओर धकेलने के लिए पूरे देश में सर्व-समावेशी सेवा और चार्जिंग स्टेशन प्रदान करने की इच्छा रखती है। अपने अत्यधिक उन्नत अनुसंधान और विकास केंद्र के साथ, कंपनी का लक्ष्य नए, अभिनव, किफायती और ऊर्जा-कुशल इलेक्ट्रिक वाहन और इसके घटकों को लॉन्च करना है। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेग्मेंट, निर्माताओं और ग्राहकों दोनों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन और सब्सिडी की मदद से तेज गति से बढ़ने के लिए तैयार है।

## फ्लिपकार्ट बिग सेविंग्स डेज़ के दौरान पोको ने अपने पोर्टफोलियो में आकर्षक ऑफर पेश किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में अग्रणी कंज़्यूमर टेक्नॉलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए हैं, जिनके द्वारा वो पोको के जबरदस्त टेक्नॉलॉजिकल विकास का अनुभव बहुत ही किफायती मूल्यों में ले सकेंगे। ये आकर्षक ऑफर फ्लिपकार्ट बिग सेविंग डेज़ सेल के दौरान आज से इसके संपूर्ण पोर्टफोलियो में उपलब्ध होंगे।

पोको एक्स5 5जी (सबसे बड़ा ऑफर): पोको एक्स5 5जी15,000 रु. से कम मूल्य का एकमात्र स्मार्टफोन है, जिसमें शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 695 और एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले है। इसमें 6.67'' का विशाल डिस्प्ले है, जो कंटेंट देखने के अनुभव को और ज्यादा बेहतर बना देता है। इसमें 48 मेगापिक्सल का प्राईमरी कैमरा है और यह 5,000एमएएच की बैटरी को सपोर्ट करता है।

पोको एम5:मीडियाटेक हीलियोत्र99 प्रोसेसर द्वारा पॉवर्ड पोको एम5 में 5,000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। इसके बैक पैनल में प्रीमियम लैदर-लाईक फिनिश के साथ फ्रंट में 6.58 ईंच का 90 हर्ट्ज़ एफएचडी+ स्मार्ट डिस्प्ले तथा 240 हर्ट्ज़ का टच सैंपलिंग रेट है। इसमें 50 मेगापिक्सल का ट्रिपल कैमरा सेटअप है। इस डिवाईस का शुरुआती मूल्य 8,999 रु. है।

**पोको सी51:** सीहीलियो त्र36 के साथ आता है और इसमें 6.52 का एचडी+ डिस्प्ले भी है।

## प्रेस क्लब के चुनाव
# अजय सेन अध्यक्ष, संदीप शर्मा सचिव चुने गये

**चौरई** प्रेस क्लब अध्यक्ष पद के लिए लगातार कई





दिनों से मुहिम चल रही थी जिस पर संगठन के द्वारा 27 अप्रेल को अध्यक्ष पद हेतु सर्व सम्मति से अजय सेन को अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया साथ ही संदीप शर्मा को प्रेस क्लब चौरई के सचिव पद हेतु चुना गया इसके अलावा इसी दिन पूरी प्रेम क्लब की कार्यकारणी गठित हुई जिसमे उपध्यक्ष पद मे सोहन श्रीवास, अनिल राय व कोषाध्यक्ष श्याम चौरसिया को नियुक्त किया गया! सभी सदस्यों को संरक्षक मंडल अवनीत गंगवाल, भूजेंद्र शर्मा, ललित डेहरिया, अमित सोनी, गजानंद सोनी सहित ईष्टमित्रो ने बधाईया एवं शुभकामनायें प्रेषित की!

# कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर एक ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**छिन्दवाड़ा** । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रगति बढ़ाने में रूचि नहीं लेने, कार्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं करने और कारण बताओ सूचना पत्र का कोई उत्तर नहीं देने पर जिले के विकासखंड परासिया की ग्राम पंचायत सेतपरास के सचिव श्री श्रीपाल धुर्वे को प्रथम दृष्टया दोषी मानकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । निलंबन अवधि में सचिव श्री धुर्वे का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय परासिया रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी । उन्होंने कार्य की सुविधा की दृष्टि से ग्राम पंचायत बीजकवाड़ा के सचिव श्री रूपेश साहू को अपने कार्य के साथ ही ग्राम पंचायत सेतपरास के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है ।

## फिरोज खान सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**छिन्दवाड़ा** । जिले के सांसद नकुलनाथ के कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता व जनसेवी जनाब फिरोज खान को रोगी कल्याण समिति जिला छिन्दवाड़ा का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विदित हो कि जनाब फिरोज खान लम्बे समय से जिला मुख्यालय में आने वाले गरीब व जरूरतमंद मरीजों की सेवा तत्परता से कर रहे हैं। उनकी सेवा भावना को देखते हुये उन्हें तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मृतक की पत्नी को मिली अंत्येष्टि सहायता



**परासिया** । रविवार को ग्राम पंचायत बरारिया के वार्ड क्रमांक 12 निवासी नंदलाल विश्वकर्मा की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती सानिया विश्वकर्मा को सरपंच मोहन काहार और वार्ड पंच रासवती कहार ने अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5000 रु की नगद राशि प्रदान की है। गत दिवस नंदलाल विश्वकर्मा की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाने के बाद संबल योजना अंतर्गत उक्त राशि उसकी पत्नी को दी गई है. । इस अवसर पर सचिव दुबेलाल वारसिया, हंस लाल कहार उपस्थित रहे।

# साजिद खान बने तहसील अध्यक्ष
## एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन कार्यकारिणी का हुआ गठन

**परासिया** । एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके अंतर्गत पत्रकार साजिद खान को तहसील परासिया एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का अध्यक्ष बनाया गया । महासचिव के पद हेतु पुन: मोहन कहार को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राधावल्लभ शारदा जी की दिशा निर्देशानुसार तहसील परासिया में , एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला छिंदवाड़ा के अध्यक्ष धनंजय वड़समुद्रकरजोशी की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष, क्रमश: नजीर खान ,जगदीश पाल सचिव सुमित कहार, कोषाध्यक्ष हेतुलाल बिंदीवार, मीडिया प्रभारी योगेंद्र मौर्य संगठन मंत्री राजकुमार सिंह पिंटू, सर्वसम्मति से बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य में अनिल खिरेकर,सहेश मर्सकोले, पत्रकार दीपिका विश्वकर्मा , प्रभाश वड़समुद्रकरजोशी, पत्रकार गोपाल यादव, आदि, सदस्यों को सर्वसम्मति से पदभार सौंपा गया।

# मजदूर दिवस पर विक्रम अहाके एवं सोनू मागो ने चलाया ई रिक्शा
## श्रमिक रामलाल यादव का फूल-माला एवं शाल-श्रीफल देकर किया सम्मान



**छिंदवाड़ा** । अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कमलनाथ एवं नकुलनाथ से प्रेरित होकर ई-रिक्शा एसोसिएशन ने नि:शुल्क रिक्शा चलाने की पहल की जिसको श्रमिक रामलाल यादव के साथ छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके एवं निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा को शहर वासियों की सेवा करने हेतु रवाना किया जहाँ महापौर विक्रम अहके एवं निगम अध्यक्ष सोनू मागो का बहुत ही अलग अंदाज़ शहर वासियों को देखने मिला जिसमे वे खुद ई-रिक्शा चलाकर चौक-चौराहों से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुँचाते दिखे जिसे देख यात्रियों में ख़ुशी का माहौल था एवं उन्होंने विनम्रता के साथ महापौर का एवं अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ये हमारे लिए गौरव का पल हैं कि महापौर ने खुद ई-रिक्शा चलाकर हुए हमें अपने गंतव्य तक पहुँचाया इस अवसर पर यातायात विभाग सभापति सुनीता विजय पाटिल के साथ ई-रिक्शा एसोसिएशन के अध्यक्ष रमज़ान खान, उपाध्यक्ष राजा बंदेबार, कोषाध्यक्ष सन्नी भटनागर, समिति सदस्य सुनील गोनेकर, रवि नागवंशी, अजय पहाड़े, राजा डेहरिय, उमेश , चंद्रशेखर ,उपेंद्र तोमर सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजुद थे।

### अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मनाया मजदूर दिवस

**छिंदवाड़ा**। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अजरा एजाज के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अजरा एजाज ने कार्यक्रम की शुरुआत की और अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया मजदूरों की भूमिका राष्ट्र के विकास में अकल्पनीय है क्योंकि वह घर के छोटे-छोटे कार्यों से लेकर बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों पर कार्य करते हैं इसी प्रकार अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अनीता कौशल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के अमूल्य योगदान को पहचानने एवं सराहना करने के लिए मनाया जाता है

### गार्गी कंस्ट्रक्शन की टीम ने मनाया मजदूर दिवस

छिंदवाड़ा। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में गार्गी कंस्ट्रक्शन की टीम द्वारा सभी मजदूरों के साथ मिलकर केक काटकर मजदूर दिवस मनाया गया एवं सभी मजदूर भाई-बहनों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएँ दी गई । इस अवसर पर गार्गी कंस्ट्रक्शन के संचालक लवली चड्डा, राहुल साहू सहित टीम मेम्बर एवं मजदूर भाई-बहन उपस्थित थे ।

# घटिया सामग्री के भुगतान के लिए दबाव बना रहे सप्लायर: विजय पांडे



**छिंदवाड़ा** । 13 मार्च को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह , निकाह योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा नगर निगम एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक विवाह का आयोजन छिंदवाड़ा नगर के इनर ग्राउंड में किया गया था जहां 1365 गरीब और जरूरतमंद कन्याओं का कन्यादान हमारे जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल जी के द्वारा किया गया इस कन्या विवाह में कन्याओं को दहेज के रूप में दी जाने वाली सभी सामग्री गुणवत्ताहीन पाई गई जिसकी शिकायत 12 मार्च 2023 को सामूहिक विवाह के एक दिन पूर्व ही नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी पार्षदों के द्वारा छिंदवाड़ा कलेक्टर और प्रभारी मंत्री से दूरभाष पर चर्चा कर लिखित रूप में दी गई भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे सहित भाजपा के पार्षदों द्वारा दहेज की सामग्री जो कि डीडीसी कॉलेज के ऑडिटोरियम में रखी गई थी उसकी वीडियोग्राफी कर गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई और सभी जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया तब प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल जी के द्वारा घटिया सामग्री के वितरण पर रोक लगाकर जिम्मेदार सप्लायरों को ब्लेक लिस्टेड कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश सामूहिक विवाह के उसी मंच से सार्वजनिक रूप से दिए गए जिसके पश्चात सभी कन्याओं को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से दी जाने वाली 11 हजार रूपये की नगद राशि के चैक का वितरण किया गया प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इस आश्वासन के साथ चांदी के जेवरात कन्याओं को प्रदान किए गए कि यदि ये जेवर गुणवत्ताहीन होंगे तो संबंधित एजेंसी को भुगतान नहीं किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और अच्छी सोच को पलीता लगाने का काम कांग्रेस से जुड़े इन सभी स्पलायरों और जिला पंचायत और नगर निगम में बैठे इन कांग्रेस के नेताओं के द्वारा किया जा रहा है।

# गुलाबरा को मिले विशेष क्षेत्र का दर्जा: संदीप सिंह चौहान

**छिंदवाड़ा** । भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संदीपसिंह चौहान ने कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले और नगर निगम कमिश्नर श्री राहुल सिंह से अपील किया है कि गुलाबरा को विशेष क्षेत्र का दर्जा देकर और वार्ड 42 को विशेष वार्ड का दर्जा देकर विशेष अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ताकि यहां विशेष रूप से हो विकास कार्य हो मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुदृढ़ हो। गुलाबरा और वार्ड 42 में सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। समय समय पर व्यवस्थाओं से संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए। गुलाबरा में ज्यादातर सड़के और नालिया खराब हो चुकी है। जिनकी तत्काल मरम्मत की जाए या नया निर्माण किया जाए। श्री चौहान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद परिसर में पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। गुलाबरा और वार्ड 42 में कैमरे लगाए जाए। किरायेदारो की पूर्ण जानकारी होना चाहिए।स्वामी विवेकानंद परिसर में व्यापारियों से सफाई की उचित व्यवस्था बनवाए। नाले ट्ठनाली से गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था बनवाए।इसके अतिरिक्त क्षेत्र की जनता से सुझाव लेकर जन अनुरूप कार्य किए जाए।
जिला मीडिया प्रभारी संदीपसिंह चौहान जिला पुलिस अधीक्षक विनय वर्मा से भी निवेदन किया है कि गुलाबरा को विशेष ध्यान देकर यहां सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए। गुलाबरा में पुलिस चौकी या पुलिस सहायता केंद्र खोला जाए। गुलाबरा के आसपास यातायात व्यवस्था सुधारी जाए। गुलाबरा से ट्रैक्टर ट्राली पर प्रतिबंध किया जाए। क्षेत्र में कैमरे लगाए जाएं और किरायेदारों की पूर्ण जानकारी रखी जाए।

# 2567 वीं त्रिपावन वैशाख पूर्णिमा, अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध जयंती समारोह 5 को
## समता सैनिक दल करेगा जयभीम सलामी

**सौंसर** । विश्व को मानवता करुणा मैत्री शांति अहिंसा समता स्वतंत्रता और बंधुभाव का संदेश देने वाले तथागत बुद्ध की जयंती सौसर नगर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई जाएगी। इसी कडी में समता सैनिक दल शाखा सौसर के जिला जीओसी आयुष्यमान बाबाराव चारे एवं जिला सहायक जीओसी आयुष्मान हीरामन सोमकुंवर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को 2567 वीं त्रिपावन वैशाख पूर्णिमा, अंतरराष्ट्रीय बुद्ध जयंती समारोह मनाया जाएगा।

### सामुहिक बुद्ध वंदना होगी

बुद्ध विहार सौंसर में सुबह 9 बजे धम्म ध्वज का ध्वजारोहण, जयभीम सलामी, तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर जी की प्रतिमा समक्ष पुष्प अर्पित किये जायेंगे। सामुहिक बुद्ध वंदना होगी, सुबह 9.30 बजे समता सैनिक दल के ध्वज का ध्वजारोहण, जयभीम सलामी होगी। सुबह 10 बजे परेड का पथ संचलन बुद्ध विहार से पटागंन स्थित बुद्ध प्रतिमा व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर तिराहा तक जाकर अभिवादन, जयभीम सलामी, बुद्ध वंदना होगी।

### बुद्ध संगोष्ठी होगी

सुबह 10.30 बजे बौद्ध विहार सौंसर में बौद्ध अनुयाइयों की उपस्थिति में बुद्ध संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। मिठाई वितरण किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा जिला नगरीय एवं तहसील शाखाओ पर भी बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य पर समता सैनिक दल द्वारा पंचशील ध्वज व समता सैनिक दल के ध्वज का ध्वजारोहण सामूहिक बुद्ध वंदना व जयभिम सलामी दी जाएगी।

# डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी ठप्प
## मांगे पूरी नही होने पर 3 मई से जायँगे हड़ताल पर

**छिन्दवाड़ा** ।3 मई से डॉक्टर्स की होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत सभी डॉक्टर रहेंगे हड़ताल पर इमरजेंसी सुविधाएं भी नहीं देंगे डॉक्टर डॉक्टरो ने दी चेतावनी,, सरकार ने की डॉक्टर्स के साथ वादाखिलाफी,, विगत दिनों पूर्व डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर हड़ताल की थी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया था और कमेटी बैठाकर मांग पूर्ण करने हेतु हामी भरी थी मगर 2 से 3 महीने बीत जाने के बाद भी डॉक्टरों द्वारा की हुई मांग को पूर्ण नहीं किया गया जिससे शासकीय डॉक्टरों में भारी आक्रोश है डॉक्टरों ने सरकार को दी चेतावनी 3 तारीख से डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की होगी



# लम्पी स्किन डिसीज के संक्रमण से सुरक्षा एवं बचाव के उपाय और टीकाकरण एवं कार्यवाही करें

**छिन्दवाड़ा** । छिंदवाड़ा जिले व समीपवर्ती जिले सिवनी व बालाघाट में लम्पी स्किन डिसीज के संक्रमित पशु पाये जाने और लम्पी स्किन डिसीज के संक्रमण की रोकथाम के संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा जिले के सभी पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि जिले में लम्पी स्किन डिसीज संदिग्ध पशु पाये जाने पर भारत सरकार की एडवायजरी एवं पशु चिकित्सा संचालनालय द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार रोग नियंत्रण के लिये नियमानुसार समुचित कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें । साथ ही सुरक्षा एवं बचाव के उपाय और टीकाकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें । उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.पक्षवार ने बताया कि सभी पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि जिले में लम्पी स्किन डिसीज संदिग्ध पशु पाये जाने पर संक्रमित पशु को स्वस्थ पशु से तत्काल अलग करें । संक्रमित क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में पशुओं के आवागमन को प्रतिबंधित करें । संक्रमित क्षेत्र में बीमारी फैलाने वाले वेक्टर मच्छर, मक्खी आदि की रोकथाम के लिये आवश्यक कदम उठायें । संक्रमित पशु प्रक्षेत्र, घर आदि जगहों पर साफ-सफाई, जीवाणु व विषाणुनाशक रसायन आदि का प्रयोग करें। प्रभावित क्षेत्र में जागरूकता शिविर लगाकर पशुपालकों को बीमारी के प्रति सचेत करें और रोग के लक्षण पाये जाने पर रोकथाम के उपाय बतायें । ग्राम सभा में पम्पलेट, पोस्टर आदि की सहायता से पशुपालकों में रोग के प्रति आवश्यक जागरूकता लायें। प्रभावित पशुओं का टैग नंबर के आधार पर चिन्हांकन करें और प्रभावित क्षेत्र एवं मुक्त क्षेत्र में कार्यवाही के लिये पृथक दल का गठन करें । उन्होंने बताया कि जिले में प्रभावित हाई रिस्क एरिया के 5 कि.मी. रेडियस में बाहर से अंदर की तरफ रिंग वैक्सीनेशन करें । टीकाकरण पहले गौ-शाला में और इसके बाद जिले के दूसरे राज्यों से लगे हुये विकासखंडों में प्राथमिकता के अनुसार करें और बाद में बचे हुये अन्य क्षेत्रों में टीकाकरण करें।



# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने कांग्रेस चलायेगी अभियान
## छिन्दवाड़ा विधानसभा ग्रामीण कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक



**छिन्दवाड़ा** । राजीव कांग्रेस भवन में छिन्दवाड़ा विधानसभा ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ ही संगठनात्मक विषयों पर चर्चा व उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार भी प्रगट किये साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिवसों में किसान] युवा महिला मजदूर सहित समाज के हर वर्ग के हित में आंदोलन चलाया जावेगा। पंद्रह माह की श्री कमलनाथ जी की सरकार में दी गई जनकल्याण की योजनाओं को भाजपा ने किस तरह बंद कर जिला व प्रदेश के सर्वांगीण विकास को रोकने का काम किया है उससे भी जनता को अवगत कराने हेतु कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान में उतरेगा और भाजपा के प्रत्येक झूठ का जवाब देगा। आयोजित बैठक में पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी छिन्दवाड़ा विधानसभा प्रभारी सुनील जायसवाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, नकुल-कमलनाथ के निज सचिव संजय श्रीवास्तव महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी युवक कांग्रेस एनएसयूआई सेवादल के जिलाध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बूथ को मजबूत करेगी कांग्रेस

**अमरवाड़ा** । आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की क्षेत्रीय कमेटियों की बैठक निरंतर जारी है और इसी क्रम में आज अमरवाड़ा विधानसभा के छिन्दी ब्लॉक के जोगीमुआर में क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कार्य करने सहित आमजन के बीच भाजपा की नाकामियों को पहुंचाने और महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर मुखर होकर अपनी बात रखने के लिये कहा। क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुन्दर पटेल, पर्यवेक्षक कमल राय, जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम, क्षेत्रीय अध्यक्ष तुलसीराम काकोडिया, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, महाप्रसाद उईके, उत्तम कवरेती, धर्मेंद्र उइके, हरिजन प्रकोष्ठ नर्मदा प्रसाद डेहरिया सहित सभी संगठन अध्यक्ष, समन्वयक, पन्ना प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नारी सम्मान योजना जानकर भाजपा बौखला गई: किरण चौधरी

**छिन्दवाड़ा** । जिला सहित सम्पूर्ण प्रदेश में प्रत्येक महिला को पंद्रह सौ रुपये मासिक अर्थात 18000 हजार रुपये वर्षिक पेंशन व मात्र पांच सौ रुपयों में रसोई गैस सिलेंडर दिये जाने की योजना जानकर भाजपा में बौखलाहट मच गई है। विशेषकर स्वयं नारी होते हुये भी नारी विरोधी बनकर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर ने आधारहीन आरोप लगाकर खिसयानी बिल्ली खंबा नोचें की कहावत को चरितार्थ किया है।जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी ने महिला मोर्चा अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि श्री कमलनाथ जी की नारी सम्मान योजना ने भाजपा की नींव हिला दी है। श्री कमलनाथ जी की घोषणा के अनुसार मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना की तुलना में प्रदेश की महिलाओं को लगभग 1150 रुपयों का अधिक लाभ होगा। शिवराज जी विभिन्न कागज भरवाकर विभिन्न नियमों के तहत हर तरह से खंगालकर लाड़ली बहना को केवल एक हजार रुपये की पेंशन देंगे जबकि श्री कमलनाथ एक सादा फार्म भरवाकर जिसके लिये कार्यकर्ता स्वयं घर-घर जायेंगे, पंद्रह सौ रुपयों की पेंशन देंगे यानि शिवराज सिंह की योजना से 500 रुपये अधिक और इसी तरह बाजार में मिलने वाला 1150 रुपयों का रसोई गैस सिलेंडर मात्र 500 रुपयों में दिया जावेगा यानि यहां भी महिलाओं को 650 रुपयों की बचत होगी इस तरह नारी सम्मान योजना का लाभ मिलने के साथ ही महिलाओं को 1150 रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा।

# बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि, आंधी, तूफान ने किसानों की कमर तोड़ी
## आंधी तूफान ने ग्रामीणों के आशियानों को भी नही बख्शा
## तुरन्त सर्वे करवाकर उन्हें मुआवजा दिलवाने की मांग की

**जुन्नारदेव।** बीते एक हफ्ते की बेमौसम बारिश ने विधानसभा जुन्नारदेव के संपूर्ण क्षेत्र में किसानों तथा ग्रामीणों को जबरदस्त नुकसान पहुँचाया है। कहीं ग्रामीणों के आशियाने क्षतिग्रस्त होकर उजड़ गए तो कही क्षेत्र के किसानों की फसल बर्बाद हो गए। क्षेत्र में आयी प्राकृतिक आपदा से व्यथित विधायक सुनील उइके ने इस संबंध में कलेक्टर शीतला पटले को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा से पीड़ित किसानों और ग्रामीणों को हुए नुकसान का सर्वे करवाकर तुरन्त मुआवजा दिलाने की मांग की है। कलेक्टर छिंदवाड़ा को लिखे पत्र में विधायक सुनील उइके ने जिले के सबसे बड़ी विधानसभा जुन्नारदेव के जुन्नारदेव एवं तामिया विकासखण्ड में बीते एक हफ्ते की बेमौसम बारिश और आंधी तूफान की वजह से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा है कि बीते एक हफ्ते की अत्यधिक बारिश, ओलावृष्टि और आंधी तूफान ने क्षेत्र में फल सब्जियां और मूंग जैसी दलहनी फसलों को जमकर नुकसान पहुँचाया है वही ग्रामीणों के आशियानों को उजाड़ दिया है। घरों की छतें उड़ गई है दीवारें ढह गयी है। सीट टूट गयी है। क्षेत्र में दौरे के दौरान आपदा से पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने उन्हें अपनी मुसीबतों से अवगत कराया है। ग्रामीणों किसानों को तुरंत राहत दिलाने के लिए विधायक सुनील उइके ने कलेक्टर को पत्र लिखकर क्षेत्र में तुरन्त सर्वे करवाकर उन्हें मुआवजा दिलवाने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जुन्नारदेव को भी भेजी गई है ।

# बड़े कलाकार बनने के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए सीखें शास्त्रीय नृत्य-संगीत
## केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री लीला सैमसन ने कहा..
## एक अच्छा बदलाव है बच्चों का शास्त्रीय नृत्य की ओर बढ़ता रूझान



**छिंदवाड़ा** । प्रख्यात भरतनाट्यम नृत्यांगना, कोरियोग्राफर, लेखिका और अभिनेत्री पश्री लीला सैमसन का कहना है कि शास्त्रीय संगीत व नृत्य की और बच्चों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा एवं कि शास्त्रीय नृत्य गायन इंसान को ऊंचाईयों पर उठाने की कला है। हमारी फिलॉसफी, हमारे वेद में जो लिखा है वो सभी शास्त्रीय गीत, संगीत व नृत्य कला में शामिल हैं। लीला सैमसन वर्ष 2011 से 2015 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अध्यक्ष रह चुकी हैं। वे संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उन्होंने मणिरत्नम द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म ओके कनमनी के माध्यम से वर्ष 2015 में अपने फिल्मी अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने फिल्म पुथम पुष्प कलाई में लिए भी अभिनय किया। रविवार को छिंदवाड़ा आई पद्मश्री लीला सैमसन ने चर्चा में कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत-नृत्य को सब लोग प्यार से सीखें और ये नहीं कि हम बड़े अच्छा है। कलाकार बन जाएंगे, सिर्फ अपने लिए सीखें। जैसे हम किताब पढ़ते हैं, सिर्फ अपने लिए पढ़ते किसी को दिखाने के लिए तो नहीं पढ़ते, ऐसे ही हम अपने लिए गाने सुनते हैं। कलाओं में जो वेल्यू है वह अलग है। हमारी संस्कृति, फिलासफी, कलाएं इनका एक अलग स्थान है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा बदलाव आ रहा है कि बच्चों का शास्त्रीय नृत्य और संगीत की तरफ रुझान बढ़ रहा है। बहुत सारे लोग आजकल सीख रहे शास्त्रीय य नृत्य तन के लिए, मन के सबके लिए बहुत अच्छा है। पहले ज्यादा संख्या में बेटियां ही शास्त्रीय नृत्य सीखने में रुचि लेती थीं, अब लड़कों का भी शास्त्रीय नृत्य में रुझान बढ़ गया है। यह शास्त्रीय नृत्य कला के लिए बहुत अच्छा है ।

# जेईई मेंस की परीक्षा में मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों का रहा सर्वश्रेष्ठ परिणाम



**छिंदवाड़ा** । जेईई मेंस 2023 की परीक्षा परिमाण में मिडास के बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन दिखायाज् क़रीब 52 बच्चों ने जेईई मेंस 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल कर आईआईटी एडवांस की परीक्षा के लिए चयन हुएज् 70त्न से अधिक बच्चों ने जेईई मेंस को क्वालिफाइड किया। अमन रास्ट्रपाल ढोक ने 99.31 परसेंटाइल ला कर पूरे छिन्दवाड़ा डिस्ट्रिक्ट में टॉप कियाज्वही यश पवार ने 98.86 परसेंटाइल, आदित्य यादव ने 98.52 परसेंटाइल लाकर पूरे ज़िले में अपना नाम रोशन कियाज्और इनके साथ साथ 11 बच्चों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक, 29 बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक, 41 बच्चों ने 80 परसेंटाइल से अधिक अंक, 50 बच्चों ने 70 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। मिडास संस्था के समस्त परिवार के तरफ़ से इन सभी उत्तीर्ण हुए बच्चों को ढेर सारी बधाई एवं आईआईटी एडवांस की परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ भी मिली।

# नशे से होने वाली हानि और सत्संग के होने वाले फायदे से अवगत कराया
## जिला जेल में साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग

**छिंदवाड़ा** । केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा अनुसार जेल में निवासरत बंदियों का जीवन उन्नत करने के उद्देश्य से , आध्यात्मिकता के गुण विकसित करने के निमित्त प्रतिमाह परम् पुज्य संत श्री आशारामजी बापू की कृपापात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग सम्पन्न होता है। जिला जेल में आज लगभग 780 बंदी और 150 कर्मचारियों ने सत्संग का लाभ लिया। साध्वी बहन ने बताया कि आज मोहनी एकादशी है । इसके व्रत की बड़ी भारी महिमा है । प्रति माह दो एकादशी आती हैं। एक शुक्लपक्ष की और दूसरी कृष्ण पक्ष की । मनुष्य के जीवन मे नियम , संयम होना जरूरी है। जिनके जीवन में यह नही होता, उसका जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी जैसा होता है। जिसका दुर्घटना ग्रस्त होने की प्रबल संभावना होती है। सभी उपवास का धार्मिक , आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है । इस एकादशी के व्रत से अनेक जन्मों के मेरु पर्वत जैसे पाप नष्ट हो जातें हैं; ये धार्मिक महत्व है। एकादशी का वैज्ञानिक कारण है कि हम प्रतिदिन 2 बार भरपेट भोजन करतें हैं और साथ में भरपेट नाश्ता भी। इसको पचाने के लिए हमारा पाचन तंत्र हमेशा कार्यरत रहता है। पाचन तंत्र को भी आराम चाहिए जो कि इस उपवास से मिलता है। जैसे सरकारी अधिकारी , कर्मचारी या व्यपारी 7 दिन खूब काम करता है उसे सरकार 1 दिन की छुट्टी देती है, ताकि वो फ्रेश होकर, पूर्ण उत्साह के साथ सोमवार से कार्य करे। इसी प्रकार उपवास रहने से हमारे पाचन तंत्र और शरीर के अन्य तंत्रों को भी आराम मिलता है जिससे मनुष्य स्वस्थ , दीर्घायु और निरोगी रहता है । सभी बंदियों को नशे से होने वाली हानि और सत्संग के होने वाले फायदे से अवगत कराया। सभी बन्दियों ने भजन, कीर्तन पर खूब नृत्य किया और साध्वी बहन से प्रतिमाह आने का आग्रह किया जिसे साध्वी बहन ने सहर्ष स्वीकार कर लिया । इस प्रकार के सत्संग कार्यक्रम देश के 1401 जेलों से सम्पन्न हो रहें हैं जिसका लाभ लाखों लाखों बंदी ले रहें हैं। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, चेतना बहन ,समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े, विनय सनोडिया,सुजीत सूर्यवंशी अशोक मोरे, दीपा डोडानी, मीणा गोधवनी, दीपिका साहूउपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# आइये, मनायें बेटियों की मुस्कान का उत्सव


# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

राज्य, जिला, नगर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

## बेटियों का सम्मान एवं संवाद

- लाड़ली फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान
- लाड़ली लक्ष्मी वाटिकाओं में वृक्षारोपण
- हर ग्राम पंचायत में "एक वृक्ष लाड़ली लक्ष्मी के नाम"
- लाड़ली लक्ष्मी क्लबों का गठन




"वर्ष 2007 में लागू की गयी मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना महज एक योजना नहीं बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। इस योजना के चलते प्रदेश के लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बेटियों का जीवन बदल रहा है, उनका भविष्य संवर रहा है।"

- **शिवराज सिंह चौहान**, मुख्यमंत्री

44 लाख 85 हजार बेटियां बनी हैं लाड़ली लक्ष्मी | ₹ 1 लाख 43 हजार मिलेंगे हर लाड़ली को

लाड़लियों को मिलेंगे कुल ₹ 64,143 करोड़

**2 मई 2023 | दोपहर 12:00 बजे | मुख्यमंत्री निवास, भोपाल**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11020/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023